डाक पंजीयन नं. 99/2021—23

E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया




PG-5

# आधुनिक समाचार


प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-8


सिनेमा:सितारों से सजा कुछ यूं रहा शाहिद कपूर का बर्थडे बैश



वर्ष -08 अंक -01 | प्रयागराज, सोमवार 28 फरवारी, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### बेहतर तैयारी और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सेल्फ असेसमेंट कितना मददगार साबित हो सकता है

**नई दिल्ली।** यदि आप जेईई, नीट, कैट, सीटेट या फिर सीएसई, एनडीए जैसी किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो समय-समय पर खुद से अपनी वास्तविक तैयारी का मूल्यांकन अवश्य करते रहना चाहिए। महामारी के इस दौर में बढ़ती आनलाइन सुविधाओं को देखते हुए ई-असेसमेंट (आनलाइन टेस्ट) का विकल्प अब और महत्वपूर्ण हो गया है। आइये जानें, आत्मविश्वास के साथ बेहतर तैयारी और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए स्वमूल्यांकन यानी सेल्फ असेसमेंट कितना मददगार हो सकता है आज के प्रतिस्पर्धी दौर में यदि बात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर मन में सबसे पहला प्रशन यही आता है कि हम इस बात का अनुमान कैसे लगाएं कि हमारी तैयारी का स्तर क्या है, हम कितने तैयार हैं, आगे और कितनी तैयारी की जरूरत है। यह वह चीज है, जिसे समझने के बाद कदम आगे बढ़ाना आसान हो जाता है। वैसे, स्वमूल्यांकन करने का एक सामान्य तरीका यही है कि आप जिस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उस परीक्षा के ही पिछले कुछ वर्षो के प्रशन्पत्रों को नियत समय में हल करके यह देखें कि आप कितने सक्षम हैं। इस प्रक्रिया का ही दूसरा और आसान स्वरूप आनलाइन प्रैक्टिस है, जिसे ई-असेसमेंट भी कहते हैं। पिछले डेढ-दो वर्षो से जब से आनलाइन लर्निंग का क्रेज बढ़ा है ।

## रूस-यूक्रेन जंग के चलते ब्रिटेन में बहुपक्षीय अभ्यास कोबरा वारियर में हिस्सा नहीं लेगी भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को देखते हुए भारतीय वायुसेना ने ब्रिटेन में होने वाले बहुपक्षीय वायुसेना अभ्यास 'कोबरा वॉरियर' में अपने लड़ाकू विमानों को नहीं भेजने का फैसला किया है। वायुसेना के पांच एलसीए तेजस विमान इस अभ्यास में शिरकत करने वाले थे। यह पहला मौका होता जब तेजस विमान बहुपक्षीय युद्धाभ्यास का हिस्सा बनते। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को ट्वीट कर यूक्रेन के हालातों से पैदा हुई परिस्थितियों को देखते हुए कोबारा वारियर बहुपक्षीय अभ्यास में शामिल नहीं होने की जानकारी साझा की। हालांकि कुछ घंटों बाद इस ट्वीट को हटा दिया गया। वहीं सूत्रों के मुताबिक ब्रिटेन ने शुक्रवार शाम को भारतीय वायुसेना को बताया कि रूस यूक्रेन युद्ध को देखते हुए छह से 27 मार्च तक होने वाले इस सैन्य अभ्यास को रद कर दिया गया है। मालूम हो कि इस बहुपक्षीय वायुसेना अभ्यास में मेजबान ब्रिटेन और भारत के



अलावा स्वीडन, बेल्जियम और सऊदी अरब की वायुसेना शामिल होने वाली थी। भारतीय वायुसेना ने घोषणा की थी कि पांच एलसीए तेजस विमान उड़ान भरते हुए इस अभ्यास में शरीक होने के लिए ब्रिटेन जाएंगे। वैश्विक स्तर पर तेजस की गुणवत्ता और युद्धक क्षमता को परखने के लिहाज से वायुसेना ने यह फैसला किया था। वहीं रूस-यूक्रेन जंग के बीच भारतीय वायुसेना ने ओमान की वायुसेना के साथ जोधपुर में अपना संयुक्त युद्धाभ्यास पूरा कर लिया। भारत-ओमान ईस्टर्न ब्रिज सैन्य अभ्यास का आयोजन जोधपुर के वायुसेना स्टेशन पर किया गया। 21 से 25 फरवरी के बीच हुए इस संयुक्त अभ्यास के दौरान ओमान की शाही वायुसेना के साथ भारतीय वायुसेना ने परिचालन से लेकर एक दूसरे के उत्कृष्ट प्रैक्टिस का आदान प्रदान किया। इसका मकसद दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच परिचालन क्षमताओं में इजाफा करना था। इस सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारतीय वायु सेना के पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ अधिकारी भी शामिल थे।

## देश के विकास में कृषि क्षेत्र को बूस्टर डोज जरूरी

**नई दिल्ली।** देश के विकास में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए सरकार किसानों को तमाम सहूलियतें दे रही है। इसमें खाद, बीज, सिंचाई, उपकरण, वित्त और निर्यात समेत कई तरह की सब्सिडी दी जाती है। कृषि क्षेत्र को सरकार की ओर से प्रदान की जा रही सब्सिडी देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दो फीसद है। किसानों को कुल सब्सिडी उनकी कृषि आमदनी का लगभग 21 फीसद है। जानें सरकार की ओर से किसानों को कितने तरह की सब्सिडी दी जा रही है। इसके तहत सरकार किसानों को मामूली दर पर सिंचाई सेवाएं मुहैया कराती है। बाकी का खर्च सरकार की ओर से वहन किया जाता है। इसके लिए सरकार नहरों, बांधों, नलकूपों और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करती है। किसान मुख्य रूप से सिंचाई और मड़ाई के लिए बिजली का उपयोग करते हैं। इसके लिए सरकार किसानों को बेहद कम कीमत पर बिजली मुहैया कराती है। सकते हैं। यही नहीं किसानों के लिए एनटीपीसी और एनएचपीसी जैसी कंपनियों से भी बिजली की खरीद सकते हैं। यह सब्सिडी किसानों को पंप सेट, बोर वेल, ट्यूबवेल एवं अन्य सिंचाई प्रणालियों में निवेश के लिए प्रोत्साहित करती है। किसानों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में मदद के लिए यह सब्सिडी दी जाती है। दरअसल जब कोई किसान कृषि उत्पादों को विदेशी बाजार में बेचता है तो वह अपने लिए ही पैसा नहीं बनाता है।

## खाद्यान्न संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को भारत ने गेहूं की पहली खेप पहुंचाई

**जलालाबाद।** खाद्यान्न संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को भारत सरकार ने मानवीयता के आधार पर गेहूं की पहली खेप पहुंचाई है। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक मीट्रिक टन गेहूं भेजा गया है। भारत ने यूएन वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के तहत एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। चूंकि गेहूं भेजने के लिए पाकिस्तान के रास्ते का प्रयोग किया जाना था लिहाजा यूएन ने



2500 मीट्रिक टन गेहूं की खेप का पहला काफिला शनिवार को सुबह जलालाबाद पहुंचा। गेहूं की यह पहली खेप पाकिस्तान से होते हुए अफगानिस्तान पहुंची है। बुधवार को आईसीपी अटारी से 50 ट्रक पाकिस्तान से होते हुए अफगानिस्तान के लिए रवाना किए गए थे उभारत के विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने इन्हें हरी झंडी दिखाई थी। इस मौके पर अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामुन्दजई भी मौजूद थे। अन्न के संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को भारत मानवीयता के आधार पर 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेज रहा है। पहली खेप जो पाकिस्तान से होते हुए अफगानिस्तान पहुंची है। विदेश सचिव श्रृंगला ने कहा था कि पहली खेप में 10 हजार पाकिस्तान को इसकी अनुमति देने को कहा था। पाकिस्तान से हरी झंडी मिलने के बाद सोमवार को अफगानिस्तान से 41 ट्रक अटारा वाघा सीमा पर आए थे। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में हालात खराब हैं। 2.4 करोड़ से अधिक अफगान लोगों को तुरंत मानवीय सहायता की दरकार है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों के आठ वरिष्ठ आपातकालीन विशेषज्ञों के एक समूह ने भी अफगानिस्तान को जीवन रक्षक मानवीय सहायता पहुंचाने की अपील की है। 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को तत्काल जीवन रक्षक सहायता की जरूरत है।

## यूक्रेन पर रूसी सेना की कार्रवाई के बाद क्या पश्चिमी देशों और रूस के बीच शुरू हो चुका है शीत युद्ध, जानें क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में रूस के ताजा सैन्य अभियान के बीच पश्चिमी देशों के खुलकर व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ उतरने से कई आशंकाएं गहराने लगी हैं। एक सवाल मजबूती से उठ रहा है कि क्या यूक्रेन पर की गई ताजा कार्रवाई ने पश्चिमी देशों और रूस के बीच शीत युद्ध को फिर से शुरू कर दिया है। यह भी सवाल उठ रहा है कि यूक्रेन के लुहान्स्क और डोनेटस्क को आजाद घोषित करने के बाद भी रूस चाहता क्या है। जानें इन सवालों पर क्या कहते हैं विशेषज्ञ समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक जेएनयू में स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज के डीन श्रीकांत कोंडापल्ली ने शुक्रवार को कहा कि



यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान ने पश्चिमी देशों और रूस के बीच शीत युद्ध को फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने आगाह किया कि यूक्रेन में रूसी कार्रवाई चीन को गलवन जैसी घटनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियानों और मास्को पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के मसले पर कोंडापल्ली ने कहा कि रूसी प्रतिशोध और यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई ने पश्चिमी देशों और रूस के बीच शीत युद्ध की नींव रखने का काम किया है। कोंडापल्ली ने चीन और रूस के बीच घनिष्ठ सहयोग पर कहा कि यूक्रेन में रूसी कार्रवाइयों के साथ हम यह भी देख सकते हैं कि चीन भी ऐसी उकसाने वाली ऐसी घटनाएं करने के लिए उत्साहित हो रहा है। वहीं समाचार एजेंसी रायटर की रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी का मानना है रूस की रणनीति यूक्रेन सरकार को पूरी तरह पंगु करने की है। रूस इसी पर आगे बढ़ रहा है रूसी सेनाओं ने तीन तरफ से हमला कर राजधानी कीव को घेरने की योजना बनाई है। नाम नहीं छापने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि रूसी सैन्य अभियान को देखने से लगता है कि उसका मकसद यूक्रेन की सरकार को पंगु बनाना है।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मिले ऐसे जिज्ञासु किशोरों से, जो इनोवेशन में दिखा रहे दम महान वैज्ञानिक आइंस्टाइन कहते थे कि सबसे जरूरी बात है हमारे मन में किसी चीज को लेकर सवाल उठना यानी जिज्ञासा का होना। यदि आप जिज्ञासु हैं तो दैनिक जीवन में कुछ न कुछ उपयोगी जरूर खोज लाएंगे। हो सकता है कि उस दिशा में मेहनत करें तो कुछ बड़ी चीजों की खोज हो जाए, जिससे आपका ही नहीं औरों को भी लाभ हो। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) के अवसर पर मिलते हैं कुछ ऐसे ही जिज्ञासु किशोरों से, जो नवोनमेष (इनोवेशन) में दिखा रहे हैं दम पुणे की 15 वर्षीया जुइ केसकर के अंकल नौ साल से पर्किंसन बीमारी से पीड़ित थे। जुइ के अनुसार, उनका पूरा इलाज शरीर में होने वाले कंपन के इतिहास पर आधारित था। इसका प्रथम चरण था कि पहले कंपन को मापा जाए। इसके लिए किसी डिवाइस की जरूरत थी। अंकल को दर्द से परेशान देखकर जुइ को बड़ा दुख होता। वह उनके इलाज के लिए कुछ ठोस करना चाहती थीं। पिछले साल कोरोना की दूसरी लहर में जब लाकडाउन हुआ तो उन्हें इस दिशा में सोचने का पर्याप्त अवसर मिला। स्कूल आनलाइन होने से जुइ ने यूट्यूब व वेबसाइट आदि की मदद से कंप्यूटर प्रोग्राम सीखा और जे ट्रीमर-3डी नामक डिवाइस तैयार करने में जुट गयीं। इस दिशा में उनके पिता ने भी खूब मदद की। यह पहने जाने वाला डिवाइस है, जिसमें सेंसर, एक्सलरेमीटर और गाइरो मीटर लगे हुए हैं जो साफ्टवेयर से जुड़े होते हैं। यह पर्किंसन से पीड़ित व्यक्ति में होने वाले कंपन को ट्रैक करता है। इससे डाक्टर को इलाज में मदद मिलती है। जुइ के इस उपयोगी डिवाइस का पेंटेंट हो चुका है। अपने जिज्ञासु माइंड के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले हैं।

## भारत ने रूस के खिलाफ यूएनएससी में क्यों नहीं किया वोट जानिए क्या हैं इसके प्रमुख मायने

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में निंदा प्रस्ताव पर वोट किया गया। यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (ळन्एण) में रूस की निंदा वाले प्रस्ताव पर यह रुख और रूसी आक्रमण की आलोचना को दर्शाता है। . शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महत्वपूर्ण सत्र में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ सबसे मजबूत शब्दों में रूसी आक्रामकता में अमेरिका द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव को अवरुद्ध करने सम्मान करने और चल रही हिंसा को समाप्त करने की भारत की मांग रूसी कार्रवाई की आलोचना और इसके समग्र दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म परिवर्तन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों से बहुत परेशान है और इस मामले पर अपनी निरंतर, दृढ़ और संतुलित स्थिति बनाए रखी है कि बातचीत ही मतभेदों और विवादों को सुलझाने का एकमात्र जवाब है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा कि मतभेदों और विवादों को निपटाने का एकमात्र जवाब बातचीत है और मानव जीवन की कीमत पर कोई समाधान कभी नहीं आ सकता है। बता दें कि 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के पक्ष में 11 मत मिले। रूस ने इसका विरोध किया और भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात ने वोट से परहेज किया। यूएनएससी में भारत ने यह भी बताया कि भारतीय समुदाय का



भारत ने वोट नहीं किया। ऐसा करके नई दिल्ली ने बीच का कोई रास्ता निकालने तथा बातचीत और कूटनीति को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित पक्षों तक पहुंचने का विकल्प खुला रखा है। सूत्रों ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी। हालांकि, भारत ने प्रस्ताव पर वोट से परहेज किया है। साथ ही यूएनएससी में भारत ने राज्यों की 'संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता' का सम्मान करने का आह्वान किया और 'हिंसा और शत्रुता' को तत्काल समाप्त करने की मांग की है। सूत्रों ने कहा कि के लिए अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल किया। प्रस्ताव पर वोट से परहेज करते हुए भारत ने वोट के बाद एक 'मतदान का स्पष्टीकरण' जारी किया, जिसमें उसने 'कूटनीति के रास्ते पर लौटने' का आह्वान किया और 'हिंसा और शत्रुता' को तत्काल समाप्त करने की मांग की है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बताया कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की टेबल पर लौटने का आग्रह किया है।सूत्रों ने कहा कि राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का कल्याण और सुरक्षा, विशेष रूप से फंसे हुए छात्रों और यूक्रेन से उनकी निकासी, इसकी तत्काल प्राथमिकता रही है। सूत्रों ने कहा कि भारत ने सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने का आह्वान किया क्योंकि ये आगे एक रचनात्मक रास्ता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस बात पर खेद व्यक्त करता है कि संकट को हल करने में कूटनीति का रास्ता छोड़ दिया गया है और जोर देकर कहा कि उसे वापस लौटना चाहिए।

## तेलंगाना में दुर्घटना का शिकार हुआ ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट कर जताया दुख, हादसे में एक छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने तेलंगाना के नलगोंडा में हुए विमान हादसे को लेकर दुख



जताया है। ट्वीट कर उन्होंने लिखा कि 'तेलंगाना के नलगोंडा में एक प्रशिक्षण विमान के दुखद दुर्घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। हादसे के तुरंत बाद जांच दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। दुर्भाग्यवश हमने हादसे में एक स्टूडेंट पायलट को खो दिया है। नलगोंडा में ट्रेनिंग विमान दुर्घटना में एक महिला ट्रेनी पायलट की मौत को लेकर पुष्टि की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक निजी विमानन प्रशिक्षण कंपनी का एयरक्राफ्ट शनिवार सुबह खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। पुलिस के मुताबिक हादसे में मरने वाली ट्रेनी पायलट तमिलनाडु की निवसी है। वो हैदराबाद स्थित एक प्रशिक्षण संस्थान में पायलट की ट्रेनिंग ले रही थी, जो नागार्जुन सागर से भी संचालित होता है हादसे के तुरंत बाद तेलंगाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उन्हें पेद्दावूरा मंडल के तुंगतुर्थी गांव के खेतों में काम कर रहे लोगों ने हादसे की जानकारी दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे का शिकार हुआ विमान नागार्जुन सागर से उड़ा था। यह हादसा सुबह करीब 11बजकर 30 मिनट पर हुआ।

## अहमदाबाद डिजाइन वीक में शामिल हुए जनरल नरवणे

**अहमदाबाद।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल एम एम नरवणे शनिवार को अहमदाबाद डिजाइन वीक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र भविष्य 'इलेक्ट्रिक' और 'लघुकरण' है। तीन दिनों तक चलने वाले इस डिजाइन वीक का आयोजन अहमदाबाद की कर्णावती यूनिवर्सिटी में किया जा रहा है। जनरल नरवणे ने इलेक्ट्रानिक चीजों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करनी होगी साथ ही जहाजों और विमानों के आकार को छोटा करने की जरूरत है। छोटी जगहों में ज्यादा सुविधाएं देकर हम इनका भरपूर इस्तेमाल कर सकते हैं। रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में डिजाइन और इनोवेशन के भविष्य को लेकर उन्होंने कहा कि हमें मुख्य रूप से दो चीजों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। पहली यह कि आने वाला वक्त इलेक्ट्रानिक चीजों का है। सेनाध्यक्ष ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के अलावा, जिसके लिए केंद्र ने एक स्पष्ट रोडमैप बनाया है। उसमें 'इलेक्ट्रिक-आधारित चीजों' को इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया है।




# ओटर लिस्ट से बहुतों का नाम गायब मृतकों विवाहिताओ के नामों की भरमार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** रविवार सुबह से फूलपुर विशेषतया प्रतापपुर के समस्त बूथों पर वोटर लिस्ट में नए जुड़े मतदाताओं का नाम ना आने से बूथों पर गहमागहमी नोक झोंक रही। भंभई बूथों पर इंद्रजीत चौहान, दिलीप चौरसिया, मूलचंद गौतम एडवोकेट, कंत लाल यादव, राज बरन, मोहम्मद रब्बानी ने जाति विशेष यादव व मुस्लिम के ओटर लिस्ट से गायब रहने पर खफा दिखे। कुतुबपुर बूथ पर केवल एक जाति बिंद बिरादरी के मतदाता हैं। परंतु वहां भी फुलवा देवी, पंकज कुमार, शीतल प्रसाद, आर के बिंद, अनीता देवी, शांति देवी, रविशंकर, सूबेदार, नागेंद्र, सुनील कुमार आदि ने अधिकांश वोट कटने, मुर्दो का नाम तथा विवाहिताओं का नाम आने की शिकायत की। दोपहर तक कहीं 24 तो कहीं 30 से 35 तक मतदान हुआ था। नाम कटने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है। कि 45ड्ढ तक मतदान हो सकता है। फूलपुर के संवेदनशील बूथ शुक्राना, नलकूप कॉलोनी, बीएलपी कॉलेज आदि पर सननटा पसरा रहा। उसी प्रकार प्रतापपुर के सलमापुर,मैलहन, कोनार आदि बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुए। 2 बजे सीओ फूलपुर रामसागर ने मैलहन व अन्य संवेदन सील बूथों का निरीक्षण करने के पश्चात संतोष व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। फूलपुर की पुलिस इन बूथों पर बराबर गस्त कर रही है। इस बार पोलिंग पार्टी के लिए जहां प्रधानों ने व्यवस्था की थी। वहीं थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने भी लंच पैकेट समस्त बूथों पर भिजवाए। पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान होने की सूचना है। बाहर के पुलिस बल अधिकांश केरल आदि के लगाए गए थे।

# प्रतापपुर के अमिलिया गांव में फर्जी मतदान को लेकर नोकझोंक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** शनिवार की सुबह अमिलिया प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर विधानसभा में फर्जी वोटिंग की सूचना दो पक्षों में नोकझोंक के पश्चात अधिकारी एवं फोर्स मौके पर पहुंच गई बताया जाता है कि भाजपा गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने सपाइयों द्वारा फर्जी मतदान करने और मत प्रतिशत में बढ़ोतरी देख शीर्ष नेताओं को सूचित किया तो कई गाडियों से कार्यकर्ता पहुंचे नोकझोंक की सूचना पाकर मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित फोर्स भी आ गई तभी कुछ लोग फर्जी वोटिंग का आरोप लगाकर पुर्न मतदान कराने की मांग पर अड़ गए फिलहाल अधिकारियों ने समझा-बुझाकर मामला काबू में कर लिया बताया जाता है कि उक्त बूथ पर 60 मतदान होने से ऐसी स्थिति पैदा हुई।

# ग्राम पंचायत भोगन में मतदान बहिष्कार किया गया-कोरांव

## मुख्य विकास अधिकारी एवं एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने गांव भोगन में पहुंचकर लोगो को समझाने का प्रयास लेकिन ग्रामीणो ने अपने मांगो को लेकर अणे रहे,कैनाल नही,तो बोट नही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**संजय द्विवेदी**

**कोरांव प्रयागराज।**सुरक्षित विधान सभा कोरांव में ग्राम पंचायत को लेकर मतदान बहिष्कार किया।ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणो ने एकत्रित होकर मतदान न करने का अपील किया।ग्राम पंचायत



भोगन के ग्रामीणो ने अपने मांगो भोगन में मुख्य विकास अधिकारी

शीपू गीरी एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित एवं उपजिलाधिकारी कोरांव अभिनव कननैजिया सहित खण्ड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक रामाश्रय यादव चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने गांव के लोगो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन कोई बात गांव के लोग मानने को तैयार नही हुए ग्राम प्रधान विजय बहादुर सिंह ने भी मुख्य विकास अधिकारी एसपी यमुनापार के बातो पर भरोसा न जताते हुए इंकार कर दिया।शीपू गीरी और सौरभ दीक्षित ने लोगो को समझाते हुए कहा कि आप लोग लोकतंत्र का हनन न करे।आप लोग मतदान करे।ग्रामीण लोगो को हर तरह से समझाने का प्रयास किया गया।लेकिन लोगो ने अपनी मांगो को लेकर किसी अधिकारियो के सुनने को तैयार नही थे।भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र पुलिस के वाहन पर प्रयागराज में हमला उपद्रवियों ने ईंट और पत्थर से तोड़ा बस का शीशा

**प्रयागराज।** चुनाव ड्यूटी पर जा रहे महाराष्ट्र पुलिस के वाहन पर प्रयागराज में हमला कर दिया गया। हमला गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह हुआ। उपद्रवहियों ने वाहन



पर ईंट-पथर चलाए। इससे बस के शीशे टूट गए। वाहन में सवार पुलिस के जवानों ने उपद्रवियों को दौड़ा लिया। भाग रहे दो को पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि शेष फरार हो गए। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के छठें चरण में संत कबीर नगर के लिए मतदान तीन मार्च को है। मतदान को संपन्न कराने के लिए महाराष्ट्र पुलिस के जवानों की भी ड्यूटी लगी है। इन जवानों को लेकर रोडवेज बस प्रयागराज से संत कबीर नगर के लिए जा रही थी। सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे थरवई थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर थानापुर गांव के सामने बस पहुंची। इसी दौरान वाहन के ओवरटेक को लेकर स्थानीय कुछ युवकों से बस चालक की कहासुनी हो गई। इसके बाद विवाद करने वालों ने अन्य युवकों को भी बुला लिया। सभी ने मिलकर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने ईंट-पत्थर चलाया जिससे रोडवेज बस का शीशा टूट गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई। अचानक रोडवेज बस पर हुए हमले से अंदर बैठे जवान सक्रिय हो गए। तत्काल एक्शन लेते हुए जवान नीचे उतरे और उद्रवियों को दौड़ा लिया। इस दौरान भाग रहे दो उपद्रवियों को महाराष्ट्र पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं पथराव करने वाले अन्य उपद्रवी भागने में सफल रहे।

# कई मतदाताओं के मतदान लिस्ट से नाम कटे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गाँव मे बीएलओ की कमी से वोटर लिस्ट से नाम कटा गाँव लक्ष्मी नगर सराय अब्दुल के निवासी धर्मेन्द्र सिंह एव श्वेता सिंह मुनसीराम यादव दिलीप सिह दजनो से अधिक लोगो का नाम वोटर लिस्ट से बाहर जो लक्ष्मी नगर सराय अब्दुल मलिक बीएलओ द्वारा घोर लापरवाही के कारण



मलिक मे दजनो लोगो का नाम वोटर लिस्ट से गायब लोग वोट डालने पहुँचे वहा वोटर लिस्ट से नाम नही था हाथ मे वोटर काड लेकर वापस लक्ष्मी नगर सराय अब्दुल मलिक जिसकी शिकायत चुनाव आयोग एव उप जिला आधिकारी एव जिला अधिकारी प्रयागराज से किया गया जो संबंधित बीएलओ के ऊपर उचित कार्रवाई करने की माग किया गया

# प्रतापगढ़ में शांतिपूर्ण ढंग से 52.6 फीसदी हुआ मतदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।**विधानसभा चुनाव 2022 इस जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।पूरे जनपद में 52.65 मतदान किया गया। कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं प्राप्त हुआ।कुंडा में कुछ छिटपुट घटनाएं हुई जिसमें लोगों के अनुसार समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गुलशन यादव ने खुद ही इसे प्रायोजित ढंग से करवाया। जिस तरह से उन्होंने नामांकन के समय अपने ऊपर कातिलाना फायर करने का आरोप लगाया था लेकिन बाद में की गई जाँच में उसे बेबुनियाद एवं झूठा पाया गया था।जनपद की सातों विधानसभाओं में सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया।पट्टी एवं रानीगंज आदि में कुछ जगहों पर ईवीएम मशीन की खराबी की शिकायत मिली।उसे तत्काल ठीक करवा करके मतदान करवाया गया जिससे मतदान कहीं भी प्रभावित नहीं हुआ।विधानसभा सदर में 52.25 विधानसभा रामपुरखास में 53.25 विधानसभा पट्टी में56.6 ड्ड, विधानसभा रानीगंज में 54.24 प्रतिशत,विधानसभा,विश्वनाथगंजमें 50.5 विधानसभा बाबागंज में 49.56 विधानसभा कुंडा में 52.12 किया गया।कुंडा के रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया,पट्टी के राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह एवं रामपुर खास के प्रमोद तिवारी की पुत्री मोना मिश्रा आदि दिग्गजों के भाग्य ईवीएम मशीन में बंद हो चुके हैं। 10 मार्च को इनके भाग्य का फैसला होना है।अभी तक कि लोगों द्वारा लगाई गई सारी गणित और दावे उसी दिन प्रमाणित हो पाएंगे।

# फूलपुर विधानसभा में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।**फूलपुर विधानसभा में सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान शांतिपूर्वक रहा फूलपुर विधानसभा से समाजवादी प्रत्याशी मुस्तफा सिद्दीकी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण पटेल के बीच में कड़ा मुकाबला देखने को मिला दोनों प्रत्याशी अपने-अपने जीत के दावे कर रहे हैं देखना यह है कि आगामी 10 मार्च को कौन प्रत्याशी विजई होता है और जनता ने किसे विधायक चुनकर विधानसभा भेजने का काम किया है फूलपुर के विजय लक्ष्मी पंडित इंटर कॉलेज में 7 बूथ बनाए गए थे जिसमें 5561 मतदाता थे जिसमें से शाम 6:00 बजे तक 3005 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया लगभग 52 मतदान हुआ।



# चुनावा मे थानों पर पोलिंग पार्टी के लिए खाने तथा बूथ पर पहुंचाने का इंतेजाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** विधानसभा चुनावों के पांचवें चरण के मतदान को सकुशल संपन्न कराने हेतु थाने पर पोलिंग पार्टियों हेतु तथा बूथों के निरीक्षण हेतु वाहनों का इंतजाम कर लिया गया है। भोजन आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया। कि पुलिस द्वारा पूरी चौकसी बरती जाएगी। ताकि कहीं पर कोई गड़बड़ी न हो सके। इस बार बूथो के 100 मीटर की परिधि के बाहर ही सुरक्षाकर्मी मीडिया कर्मी आदि रह सकेंगे। मतदाताओं की सुविधा हेतु इंतेजाम मुकम्मल किए गए हैं। बाहरी फोर्स बूथों पर लगाई जाएगी। ताकि अराजकता फैलाने वालों के साथ सख्ती दिखाई जा सके।वोटर लिस्ट से बहुत मतदाता गायब, ग्राम प्रधान का भी नाम नहीं फूलपुर। ग्राम सभा का प्रथम व्यक्ति ग्राम प्रधान होता है। परंतु इस बार वोटर लिस्ट में काफी मतदाताओं का नाम नहीं है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के इंतेजाम थें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** बूथ और मतदान केंद्रों की पूरी सुरक्षा पैरामिलिट्री के जवानों के ही जिम्मे होगी। इसके बाद के दो स्तरों पर सेक्टर और जोनल स्तर पर गठित टीमें तैनात होंगी जो सेक्टर व जोन की हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। सेक्टर स्तर पर गठित टीम का नेतृत्व एसआई जबकि जोनल स्तर पर गठित टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर करेंगे। चौथे स्तर पर गठित टीम सीओ-एसडीएम के नेतृत्व में काम करेगी जो सर्किलवार अपने मतदान व मतदेय स्थलों पर सतर्क नजर बनाए रखेंगी। एसएसपी अजय कुमार ने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार है। जवान सुरक्षा ड्यूटी में मतदान से एक दिन पहले शनिवार शाम तक मुस्तैद हो जाएंगे। जबकि अन्य गठित टीमों ने काम शुरू कर दिया है। 27 फरवरी को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिले में चक्रव्यूह जैसी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतदान की प्रक्रिया सात स्तरीय सुरक्षा घेरे में संपन्न कराई जाएगी। जिले के सभी पोलिंग बूथ पैरामिलिट्री के जवानों के जिम्मे होंगे और इसके बाद अलग-अलग स्तर पर सेक्टर, जोनल, पीएसी और पुलिस की टीमें सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगी। चुनाव के लिए पैरामिलिट्री, पीएसी, पुलिस और होमगार्ड को मिलाकर 35 हजार से ज्यादा तैनात किए जाएंगे। जिले में कुल 885 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। जिनमें 224 बूथों को अति संवेदनशील में रखा गया है। 661 बूथों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। दरअसल, सर्वाधिक संवेदनशील बूथ शहर के पश्चिमी और सबसे कम बूथ प्रतापपुर में हैं। इसके साथ ही संवेदनशील बूथों पर पुलिस, पीएसी के जवानों के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती होगी। बूथों पर होने वाली हर गतिविधि की आनलाइन निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाया गया हैं।




# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 मार्च 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# बलिया मे ओम प्रकाश राजभर ने राज्य और केंद्र पर जमकर साधा निशाना

(आधुनिक समाचार सेवा)
एस0 पी0 गुप्ता

**बलिया।** समाजवादी पार्टी सुभासपा जनवादी पार्टी, गोंडवाना गणतंत्रपार्टी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बिल्थरारोड,बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित जनसभा में जहां चुनावी दंगल का प्रभाव पूरी तरह हावी रहा। वहीं मंच से उक्त जनसभा को संबोधित करने वाले वक्ताओं ने सीधे तौर पर भाजपा को निशाने पर रखा और उनके वक्तव्यों की धुरी योगी व मोदी के इर्द गिर्द ही घूमती रही। रविवार को बांसडीह इंटर कालेज के मैदान में आयोजित जनसभा में मंच पर प्रथम रामगोविंद चौधरी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो उसके कुछ देर बाद ही ओमप्रकाश राजभर भी मंच पर आसीन हो गए। इसके बाद मंच पर मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा रामगोविंद चौधरी और ओमप्रकाश राजभर का स्वागत किया गया। इसके बाद मंच पर आए ओमप्रकाश राजभर ने 'ललका पियरका सांड' से अपनी बात की शुरुआत की और इसके बाद भाजपा का नाम लेकर एक सुर से हमलावर हुए।अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के अपने आह्वान को लेकर जनता को जगाने का प्रयास करते हुए कहा कि बलिया में भाजपा का खाता नहीं खोलने दूंगा। कहा कि गरीबों की सरकार बनेगी तो इलाज फ्री होगा। मंच से विभिन्न जातियों का नाम एक सुर से गिनाते हुए एक होने का आवाहन किया।



# यूपी के चार चरण की चुनाव में सपा-बसपा का सूपड़ा साफ-गृहमंत्री अमित शाह

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

**बलिया।** जिले की इस बागी धरती के फेफना विधानसभा सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठापरक सीट है। दरअसल विधायक व मंत्री उपेंद्र तिवारी भाजपा की ओर से उमीदवार हैं। ऐसे में मंत्री उपेंद्र तिवारी के विधानसभा क्षेत्र में लगातार वीआइपी गतिविधियां चल रही हैं।इसी कड़ी में रविवार को भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह फेफना में जनसभा को दोपहर एक बजे संबोधित करने पहुंचे तो उन्होंने विपक्षी दलों को खूब घेरा और जमकर उनपर वार करते हुए एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने भाषण की शुरुआत महर्षि भृगु को प्रणाम कर किया और उन्होंने कहा कि यह जेपी की जन्मभूमि है। चंद्रशेखर को भी प्रणाम। मैं पांच साल बाद पहले फेफना आया था, वह भी 27 फरवरी थी। आज भी वही तारीख है। चार चरण के चुनाव में सपा व बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। बाकी चरणों में भाजपा को मजबूत करना है। उत्तर-प्रदेश के अंदर कानून का राज कोई ला सकता है वह भाजपा। प्रदेश में माफिया को चुन चुनकर समाप्त करने का काम योगी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद कहां हैं मुख्तार कहां हैं माफिया तब तक जेल में हैं,जब तक बीजेपी की सरकार उत्तर प्रदेश में है। हम गरीबों की जमीन कब्जा नहीं होने देंगे। 2000 करोड़ की सरकारी भूमि खाली कराई गई, यहां अब गरीबों के आवास बने हैं। पहले यहां गोली बनती थी, अब यहां तोप के कारखाने बने हैं। यह परिवर्तन भाजपा की सरकार लायी है। प्रदेश में बुआ- भतीजा 15 साल तक राज किए। अब प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को नंबर एक बनाएंगे। हाइवे पर भाजपा सरकार ने बहुत काम कराए हैं। दूसरी सरकारें गरीबी के बजाय गरीबों को हटाते रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने एक करोड़ 67 हजार महिलाओं को उज्जवल का गैस सिलेंडर दिया है। दीवाली में मुफ्त सिलेंडर दिया है। किसानों को बिजली मुफ्त मिलेगी। 2.61 करोड़ परिवारों को मुफ्त शौचालय दिया है। 1.42 लाख घरों में बिजली पहुंचाई है। पहले 24 घंटे बिजली नहीं आती थी। पांच लाख तक स्वास्थ्य सुविधा निशुल्क कर दी गयी है। पहले लोग मच्छर और माफिया से परेशान थे,अब सरकार सबका निदान कर रही है। मोदी जी ने स्वछता अभियान के जरिये मच्छर खत्म किये। योगी सरकार ने माफिया को साफ किया है। प्रदेश के कई जिले में नए मेडिकल कालेज बने हैं।योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सुरक्षित प्रदेश बन चुका है। बुआ-भतीजा को चश्मे से एक जाति व धर्म दिखाई देता है। हम सबका साथ और सबका विकास करते हैं। ज्ञातव्य हो कि इस बागी बलिया जिले में विधानसभा चुनाव आगामी तीन मार्च को होने की वजह से पूर्वांचल में सियासी दंगल का दौर जनपद में अधिक नजर आ रहा है। रविवार को फेफना विधान सभा के चितबड़ा गांव में गृह मंत्री अमित शाह का हेलीकाप्टर पहुंचा तोकार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मंच पर गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे तो फेफना विधायक व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने उनका स्वागत किया।



# जब दिव्यांग और बुजुर्ग वोट दे सकते हैं तो हम क्यों नही

## ग्रामीणों संग लिया प्रबुद्धजनों ने लिया संकल्प

(आधुनिक समाचार)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** हरहुआ ब्लाक के चक्का सभागार में प्रधान संघ जिला महामंत्री मधुवन यादव के नेतृत्व में आस पास गांव के पूर्व सैनिकों ,युवाओं, ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व नायब सूबेदार रामबली चौबे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार कोरोना महामारी को देखते हुए नई गाइड लाइन जारी की जिसमे दिव्यांगों और 80प्लुस मतदाताओं को घर पर पोस्टल वैलेट से मतदान फार्म 12 भरकर कर सकेंगे। ऐसे में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवा समेत ग्रामीण अपने मतदान का पर्व मनाएं। पूर्व सूबेदार मेजर गुलाब चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जब दिव्यांग और बुजुर्ग वोट दे सकते हैं तो हम क्यों नहीं। युवा आगे आये। मधुवन यादव ने पूर्व फौजियों, युवाओ,ग्रामीण सदस्यों से कहा कि हर पर्व की भांति चुनाव पर्व मनाने का कार्य लोग करेंगे। ताकि चुनाव के रिजल्ट आने पर जमकर होली भी मनाएंगे। घर घर मतदान के लिए जागरूकता शुरू करें। प्रमुख रूप से कौशलेंद्र यादव एडवोकेट, गोपाल यादव, राजेन्द्र गुप्ता, गौरव, विशाल कुमार ग्रामीणों समेत जागरूकता का संकल्प लिया।

# गरीबों का सेवक बनकर भाजपा के नीतियों के अनुसार करेंगे सेवा टी0 राम

(आधुनिक समाचार)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** अजगरा विधान सभा(सुरक्षित सीट) से भाजपा समर्थित प्रत्यासी टी0 राम (त्रिभुवन राम) ने हरहुआ क्षेत्र में जन सम्पर्क के दौरान कहा कि भाजपा पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के साथ गरीब, मध्यम वर्ग समेत जन -जन का विकास कर भारतीय संस्कृति व धार्मिक सभ्यता समेत तकनीकी विकास व कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया।सोच ईमानदार व काम दमदार का नारा दिया है।अजगरा विधान सभा को सवारने का कार्य करूंगा। कोइराजपुर, धनेसरी, बैराज व चन्दीपत्ति में घर घर सम्पर्क किया उनकी समस्याएं सुनी। उनके समर्थकों में प्रमुख रूप से अवधेश सारथी,अजय मिश्रा, रौनक जायसवाल, धन्नजय सरोज, कैलाश सिंह अकेला व रामआसरे समेत दर्जनों समर्थक शामिल रहे। ग्रामीणों ने स्वागत व सम्मान के बाद अपनी समस्याओं से अवगत कराया।हर हर महादेव के साथ कई मंदिरों में मत्था टेका।



# बागी बलिया में गरजे सीएम योगी

## माफियाओं पर चलता रहेगा बुलडोजर,विपक्ष पर भी हमला

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

**बलिया।** स्थानीय नगर विधानसभा के भरसौता में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफियाओं ने भ्रष्टाचार करके गरीबों के हक पर डाका डाला है,उन लोगों पर बुलडोजर चलता ही रहेगा।अवैध कमाई करके धन अर्जित करने वालों की खैर नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि अभी तो राशन दे रहे हैं, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को होली और दीपावली पर रसोई गैस भी फ्री देंगे। बेटी के जन्म से लेकर पढ़ाई का खर्च सरकार देगी। सामूहिक विवाह योजना में 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख कर देंगे। दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, महिला पेंशन को 18 हजार सलाना किया जाएगा। पहले नौकरी निकलती थी तो चाचा-भतीजे करते थे वसूली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भरसौता स्थित मैदान में बलिया नगर से भाजपा प्रत्याशी दयाशंकर सिंह और बैरिया से आनंद स्वरुप शुक्ला के समर्थन में जनसभा कर रहे थे।मुख्यमंत्री की घोषणाएं यहीं नहीं रुकीं। कहा कि नौकरी निकलती थी तो चाचा-भतीजे वसूली पर निकल जाते थे। अब ऐसा नहीं होगा।सीएम ने कहा कि किसानों को फ्री बिजली, मेधावी बच्चियों को फ्री स्कूटी, सभी को स्मार्ट फोन, टेबलेट दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के लोग कब्रिस्तान बनवाते थे और भाजपा राममंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, भृगु ऋषि के मंदिर आदि का जीर्णोद्धार निर्माण कराई है। अब चीन से मूर्ति नहीं आएगी, गांव के कुम्हार की मूर्ति बनने लगी है।सीएम योगी बोले-बलिया से मेरी कमेस्ट्री अच्छी बलिया से मेरी कमेस्ट्री मिलती है।इसलिए आप लोग भाजपा का साथ दीजिए। बोले सपा के लोगों में कोई इंग्लैंड जा रहा है, कोई बाहर राज्यों में भागने की फिराक में है। इससे पहले दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कहा कि मैं पूर्व विधायक मैनेजर सिंह का भांजा हूं। भाजपा प्रत्याशी को जिताएं। तो बलिया मुंबई की जूहू चौपाटी हो जाएगी सीएम से मांग की कि यह क्षेत्र गंगा की तलहटी में है। बाढ़ के कारण यहां खेती नहीं हो पाती है। फेफना से भरसौता तक रिंग बंधा फोरलेन बन जाए। अंग्रेजों के जमाने से बना कटहल नाला है, जिससे सुरहा ताल का पानी गंगा में चला जाए तो बलिया मुंबई की जूहू चौपाटी हो जाएगी।हल्दी को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग की। इस मौके पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व सांसद भरत सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, नागेंद्र पान्डेय, नीरेन्द्र पाठक, मुक्तेश्वर सिंह, वशिष्ठ राय, पूर्व प्रमुख दिनेश पाठक, पूर्व प्रमुख गुड्डू राय, जयप्रकाश साहू आदि थे।




# 300 दिव्यांग, बुजुर्ग व 1357 कार्मिकों ने किया मतदान

**गाजीपुर ।** विधानसभा चुनाव-2022 का सातवां चरण सात मार्च को है, इससे पहले विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता घर बैठे ही मतदान कर रहे हैं। रविवार को जिले में 300 बुजुर्गों व दिव्यांगों ने घर से मतदान किया। वहीं पीजी कालेज में प्रशिक्षण ले रहे 1357 मतदान कार्मिकों ने भी पोस्टल बैलेट से वोट डाला। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में फार्म 12-डी भरकर घर बैठे मतदान करने की सुविधा मांगने वाले 2277 दिव्यांग और 80 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं को मतदान की सुविधा उनके घरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान कार्मिकों की टीमें घर-घर पहुंच कर बैलेट पेपर के जरिए नियमानुसार रविवार को लगभग तीन सौ वोट कलेक्ट किए। जिले में सात विधानसभा में दो दर्जन से ज्यादा टीमें तैनात की गई हैं, जिनके पास तीन मार्च तक यह वोटिग अभियान पूरा करने की जिम्मेदारी है। वहीं पीजी कालेज में प्रशिक्षण के दौरान 1357 कार्मिकों ने अपना मतदान पोस्टल बैलेट से किया। अब तक चार दिन के प्रशिक्षण में कुल चार हजार 864 कार्मिकों ने मतदान किया है। खानपुरः क्षेत्र के दिव्यांग मतदाता अपने घर में वोटिग अधिकार पाकर चहक उठे और बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पोस्टल मतदान में भाग लिए भभौरा के दिव्यांग मुननेलाल कहते हैं कि कई बार लंबी लाइनों में लग कर परेशानी उठाकर मतदान करते थे। अबकी बार मतदानकर्मी वोट लेने घर आये हैं। भुजहुआ की वृद्ध मेवाती देवी ने कहा कि शारीरिक कमजोरी से मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ थी लेकिन चुनाव अधिकारियों के मेरे घर के मेरे चारपाई तक आकर वोट लेने की प्रक्रिया दिल को छू गई। अभी तक हम अपने वोट की कीमत जानते थे पर अबकी बार आयोग हमारी एक-एक वोट की कीमत जानकर हमारे घर तक आकर वोट संग्रह कर रहा है।




# संस्कृत विवि की वेबसाइट पर एपीआइ अपलोड आपत्ति दर्ज कराने के लिए सात दिनों का मौका

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। इस क्रम 12 विषयों के अभ्यर्थियों की एकेडमिक परफार्मेंस इंडेक्स (एपीआइ)वेबसाइट पर अपलोड भी की जा चुकी है। एपीआइ पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए अभ्यर्थियों को सात दिनों का मौका दिया गया है । आचार संहिता खत्म होते ही लिखित परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है। लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित होने के सप्ताह भर में साक्षात्कार के लिए आवेदकों को बुलाया जाएगा। राजभवन के निर्देश पर विश्वविद्यालय ने अध्यापकों के रिक्त 74 पदों के लिए अगस्त 2021 में आवेदन मांगे गए थे। इसमें प्रोफेसर के लिए 11, एसोसिएट प्रोफेसर के लिए सात व असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 56 पद शामिल हैं। इसके अलावा एक अनुसंधान निदेशक, एक पुस्तकालयाध्यक्ष व 14 सहायक सहायक पुस्तकालाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन मांगे गए थे। इस प्रकार कुल 90 पदों पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षकों की नियुक्तियां नई नियमावली के तहत पारदर्शिता के साथ की जा रही है। बताया कि एपीआइ की आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद लिखित परीक्षा कराने की योजना है। एपीआई निस्तारण का कार्य जारी है। बताया लिखित परीक्षा की तिथि दस मार्च के बाद जारी किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराने के लिए वीडियो रिकार्डिंग भी कराने का निर्णय लिया है। विदेशी भाषा में भी नियुक्त होंगे शिक्षक : कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में आधे से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे है। पठन-पाठन पर इसका असर पड़ रहा है। इसे देखते हुए नए सत्र से पहले सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा गया है ।



# प्रशासन की मुस्तैदी एवं कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ विधानसभा चुनाव

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जनपद की सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों से निर्वाचन में प्रशासन की मुश्तैदी एवं कडी सुरक्षा के बीच सकुशल ढंग से विधानसभा का चुनाव सम्पन्न हुआ। मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम रहे। मतदान केन्द्रों पर मॉडल सखी व पिंक बूथ आकर्षक केन्द्र बने रहे, लोगो ने मतदान करने के साथ ही सेल्फी भी ली। प्रांतः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक मतदान केन्द्रों पर लोगों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किये। महिला, दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने भी इस लोकतंत्र क महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये। मतदान केन्द्रों पर बने हेल्प डेस्क पर थर्मल स्कैनर, हैण्ड ग्लब्स, सैनेटाइजर, मास्क सहित अन्य मूलभूत सुविधायें उपलब्ध रही जिनका मतदाताओं ने उपयोग किया। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य अधिकारियों ने लगातार विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित विधानसभा रामपुरखास के माननीय सामान्य प्रेक्षक के0राजेश, बाबागंज के सामान्य प्रेक्षक श्रीकान्त शास्त्री, कुण्डा के सामान्य प्रेक्षक एलेक्स वी0के0पॉल मेनन, विश्वनाथगंज के सामान्य प्रेक्षक एस0 सरवनन, प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक रमन एस0ए0, पट्टी के सामान्य प्रेक्षक रूगवेद मिलिन्द ठाकुर एवं रानीगंज के सामान्य प्रेक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह ने अपने अपने क्षेत्रां में भ्रमणशील रहकर मतदान का जायजा लिया। इसके अलावा सातों विधानसभाओं हेतु नामित पुलिस प्रेक्षक अनूप कुरूविल्ला जॉन व विधानसभा रामपुरखास, बाबागंज व कुण्डा की व्यय प्रेक्षक स्मिता वी नायर तथा विधानसभा पट्टी, विश्वनाथगंज, सदर व रानीगंज के व्यय प्रेक्षक एसएम0 सुरेन्द्रनाथ ने भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी डा0नितिन बंसल ने 7वों विधानसभा क्षेत्रों का पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ तुफानी दौरा करते हुये मतदान का जायजा लिया और मतदान अधिकारियों और सुरक्षा मे लगे बलों को आवश्यक निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने आज के दौरे में जिला पंचायत स्थित मॉडल बूथ, मतदान केन्द्र चिलबिला, महुली, मॉडल बूथ नगर पंचायत पट्टी, जामताली, अमरगढ़ स्थित बूथों का निरीक्षण करते हुये दिशा निर्देश देते रहे। मतदान केन्द्र उड़ैयाडीह के बाहर लगी अनावश्यक भीड़ को देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा सचेत किया कि मतदान करने के बाद सीधे घर जाये। उन्होने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्र के बाहर अनावश्यक भीड़ कदापि न होने दे। इसी तरह जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्र सुखपालनगर, मोहनगंज, जेठवारा, डेरवा, कुण्डा, मऊदारा, बुलाकीपुर, करेंटी, पूरेधनऊ, रहवई, चौसा, शेखपुर आसिक, बहादुरपुर, बाबूगंज, मवई, मानिकपुर, विसहिया स्थित बूथों का निरीक्षण करते हुये मतदान केन्द्र जहानाबाद पहुॅचे। जहानाबाद बूथ पर प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं ने बताया कि यहां पर शान्तिपूर्ण मतदान चल रहा है कोई शिकायत नही है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बेंती स्थित मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा वहां बाग में भीड़ लगाये हुये लोगों को मतदान के बाद तुरन्त घर जाने के लिये कहा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ निरन्तर विधानसभा के मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते रहे तथा कुण्डा बाजार में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुये दुकानदारों को सचेत किया कि सायंकाल 6 बजे के बाद ही दुकान खोली जाये। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहकर मतदान के दौरान प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया, टोल फ्री नम्बर 1950 तथा सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों से त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। डिस्ट्रिक्ट कन्ट्रोल रूम द्वारा वेबकास्टिंग हेतु चिन्हित बूथों का टीम द्वारा अनवरत अनुशीलन किया गया। मण्डलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल ने कुण्डा विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा ने भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। सायंकाल से पोलिंग पार्टियों के मुहली मण्डी स्थल पर बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन के व अन्य निर्वाचन सम्बन्धी सामग्री एवं अभिलेख के जमा कराने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। विधानसभावार अलग टेबल लगाकर ईवीएम मशीन जमा करने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गयी थी। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी महुली मण्डी में बने विधानसभावार बने काउण्टरों की सतत् निगरानी करते रहे।



# किसान और विज्ञान का मेल बना पहले व्यावसायिक ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का आधार

**वाराणसी।** आइआइटी बीएचयू के विज्ञानी सिरैमिक इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. प्रीतम सिंह इतिहास रचने जा रहे हैं। उनकी ईजाद की गई तकनीक से देश का पहला व्यावसायिक ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट मध्य प्रदेश के खंडवा में लगने जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार की सहायता से खंडवा के 24 किसानों का गठित एफपीओ (फार्मर्स प्रोडक्शन आर्गेनाइजेशन) इसके लिए आगे आया है। इन किसानों की तीन एकड़ जमीन में 24 करोड़ की लागत से 24 रिएक्टर वाला प्लांट केवल कृषि अपशिष्टों से प्रतिदिन एक टन क्रूड ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। इनके द्वारा उत्पादित ग्रीन हाइड्रोजन गैस की खरीद वाटोमो एनर्जी नामक स्वदेशी कंपनी 40 रुपये प्रति किग्रा के भाव से करेगी। इसके लिए किसानों और कंपनी के बीच करार हुआ है। एफपीओ का प्रत्येक भागीदार किसान अपनी लगभग चार बिस्वा जमीन प्लांट के लिए देकर अतिरिक्त आय प्राप्त करेगा। डा. प्रीतम सिंह बताते हैं कि उनकी निजी कंपनी वीजल ग्रीन एनर्जी की टाड (टैन टेकनलाजी थर्मली एक्सलेटेड एनरोबिक डाइजेशन) तकनीक से स्थापित होने वाले 24 रिएक्टर के इस प्लांट पर 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। इनके वेतन आदि का खर्च वाटोमो एनर्जी कंपनी वहन करेगी। प्रधानमंत्री के ग्रीन एनर्जी के उत्पादन के आह्वान पर मध्य प्रदेश सरकार 40 एकड़ में एग्रो हब बना रही है, जिसमें चार एकड़ भूमि वाटोमो एनर्जी को आवंटित हुई है।

# बलिया में छठें चरण में तीन मार्च को मतदान

**बलिया ।** विधान सभा चुनाव में जगह-जगह बजते होली गीतों पर भी सियासी रंग चढ़ा हुआ है। बसंत की बयार के बीच जिले के सातों सीट पर चुनाव अब दिलचस्प अंदाज में पहुंच गया है। दलगत उम्मीदवारों व कार्यकर्ताओं से अब गांव की गलियां भी गुलजार हैं। बलिया पहले कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की राजनीति में सक्रियता के बाद यहां समाजवादियों का दबदबा कायम हुआ। फिर भी जिले की सियासत पर 2007 में नीला रंग चढ़ा। 2012 में लाल और 2017 में भगवा। इस बार जिले की सियासत पर कौन सा रंग हावी होगा, यह तस्वीर भी अब साफ होने लगी है। छठे चरण में 10 जिलों में तीन मार्च को मतदान है। इसमें बलिया सहित आंबेडकरनगर, बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, गोरखपुर, कुशी नगर, महराजगंज, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर के कुल 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। बलिया के सात विधान सभा सीट 10वें चक्रव्यूह के तौर पर है। 2007 में सिर्फ बसपा आठ सीटों में से सात सीट अपने पाले में की थी। 2012 में सपा की खूब हवा चली तो भी पांच का दम ही दिखा सकी। रसड़ा सीट बसपा के पाले में रही और फेफना में भाजपा ने परचम लहराया। बैरिया, बलिया नगर, बांसडीह, बेल्थरारोड और सिकंदरपुर में सपा की जीत हुई। 2017 के चुनाव में भाजपा की लहर चली तो भी भाजपा पांच सीट से ज्यादा नहीं ले सकी। रसड़ा में बसपा और बांसडीह भी सपा ने अपना कब्जा बरकरार रखा। बैरिया, बलिया नगर, बेल्थरारोड, फेफना और सिकंदरपुर में भाजपा ने जीत दर्ज किया। इस बार जिले के सातों सीटों पर किसका परचम लहराएगा। हवा का रूख जानने जब हम शहर के स्टेशन परिसर में दाखिल हुए तो वहां मौजूद विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों के यात्रियों ने खुद के समर्थन के दल को बेहतर बताने में कोई कसर बाकी नहीं रखा। भाजपा के पक्षधर अरूण सिंह बोले भइया कोई कुछ भी कर ले भाजपा का हरा पाना मुश्किल है। सवाल किया कौन सा मुख्यमंत्री हैं जो आपदा की घड़ी में इतनी बार बलिया आए। बाढ़ के दौरान या कोरोना महामारी के दौरान योगी जी ने यहां की स्थिति को करीब से परखा। जरूरी इंतजाम भी किए। सरकार महीने में दो बार राशन दे रही है। बिना भेदभाव भाजपा ने गरीबों का भला किया है। लेकिन सपा के समर्थक यह मानने को तैयार नहीं हैं। सपा की ओर से शिवकुमार बोले मुख्यमंत्री के बलिया आने से क्या भला हो गया। मेडिकल कालेज की सौगात से यह जिला वंचित रहा। शहर जलजमाव से कराहता रहा। एनएच-31 की सड़क में चुनाव के समय कार्य शुरू हुआ है। सपा ने बहुत काम किया था। बसपा के पक्षधर अनिल राम बोले..यह चुनाव पूरी तरह जातिगत हो चला है।

पूजः//.ऐ्हसुे.म्दस/ग्से/होगसु/27022022/27ञ्02ञ्2022-27दहञ्13ञ्27022022ञ्249-म्-2ञ्22503/25ञ्181621.रज


# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने किया हंगामा

**जमालपुर (मीरजापुर)।** थाना क्षेत्र के मठना गांव में शनिवार की सुबह शिवकुमार पटेल की पत्नी पूनम देवी (28) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पहुंचे मायके वालों ने हंगामा करते हुए अंतिम संस्कार के लिए शव ले जा रहे मृतका के पति एवं स्वजन को रोक दिया। मायके वालों ने ससुरालियों पर विवाहिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई कराने की बात कही। । मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई। इसमें मृतका का शव खोलकर दिखाने के बाद मायके वाले पति एवं उसके स्वजन को अंतिम संस्कार करने के लिए मृतका का शव ले जाने दिया। शिवकुमार पटेल की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व चुनार कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी दशरथ पटेल की पुत्री पूनम देवी के साथ हुई थी। मृतका के ससुराल वालों के अनुसार मृतका करीब तीन माह से बीमार चल रही थी। एक सप्ताह पूर्व दवा लेकर ससुराल आई हुई थी। मृतका के मौसा शुक्रवार को मठना आए हुए थे । रात्रि में भोजन करने के बाद रूके हुए थे। शनिवार की सुबह वह चाय बनाकर मौसा एवं अपने पति तथा घरवालों को पिलाई। इसके बाद उसने उसके सीने में दर्द होने की बात कही। कुछ ही देर बाद चारपाई पर लेट गई इसके बाद उसकी मौत हो गई। बच्चे मां की मौत के बाद रो रहे थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविद कुमार सरोज ने बताया कि मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। मृतका को एक नौ वर्षीय पुत्र शलुज एवं पांच वर्षीय एक पुत्री आरूषि है। जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंच गई ,लेकिन तबतक अंतिम संस्कार के लिए परिजन शव को लेकर जा चुके थे।



# संपर्क मार्ग की गिट्टियों पर भस्सी फैलाने का कार्य शुरू

जमालपुर **(मीरजापुर)।** क्षेत्र के करजी ग्राम पंचायत के मौजा लौंदा संपर्क मार्ग पर काफी दिनों से मार्ग निर्माण के लिए गिट्टी डालकर काम को बंद कर दिया गया था। इससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के लोगों ने कई बार विभागीय कार्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए दैनिक जागरण ने 22 फरवरी को अपने अंक के पेज संख्या दो पर 'संपर्क मार्ग पर गिट्टी फैलाकर छोड़ा, बड़ी परेशानी' की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को संज्ञान में लेते हुए विभागीय अधिकारियों ने कार्य को शुरू करा दिया। लोकनिर्माण विभाग की ओर से करजी ग्राम पंचायत के मौजा लौंदा पर जाने के लिए 11 लाख, 98 हजार रुपये की लागत से 0.350 किमी संपर्क मार्ग बनाने का कार्य 15 फरवरी को शुरू कराया गया था। इसी बीच कार्यदायी संस्था ने बड़ी-बड़ी गिट्टियां फैलाकर छोड़ दिया गया था, जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने कार्य को शुरू करा दिया और शनिवार को गिट्टी के साथ भस्सी फैलाने का काम किया जा रहा है। वही ग्रामीणों की समस्या को जागरण में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद काम शुरू कराए जाने पर अशोक बियार, कुंदन बियार, रमेश, फुलेंदर, अमरनाथ बियार, राम जियावन, हीरावती देवी, सुरेश, आजाद एवं राजू बियार आदि ग्रामीणों ने प्रसनन्ता व्यक्त की।



# ट्रेन से गिरकर पिता-पुत्र की मौत

**पड़री (मीरजापुर) ।** परदेस से कमाकर घर को लौट रहे पित पुत्र की झिगुरा-पहाड़ा रेलवे स्टेशन के बीच में शनिवार को मेमो पैसेंजर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से शवों की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। साथ ही मृतक के भाई को घटना से अवगत कराया, लेकिन गरीबी के चलते उसका भाई पड़री पहुंचने में असमर्थता जताई। छत्तीसगढ़ प्रांत के जिला जहांगीर चंपा के थाना डबरा अंतर्गत ग्राम वार्ड नंबर 9 देवर घटा निवासी अजय कुमार भारद्वाज 32 अपनी पत्नी की मौत के बाद अपने बारह वर्षीय पुत्र आकाश को लेकर साथ रहते थे। छह माह पूर्व आर्थिक तंगी से परेशान होकर कही कमाने के लिए अपने पुत्र आकाश को साथ लेकर चले गए थे। शनिवार को प्रयागराज स्टेशन से मेमो पैसेंजर ट्रेन से पीडीडीयू जंक्शन जा रहे थे। ट्रेन जब झिगुरा व पहाड़ा स्टेशन के बीच पोल संख्या722/23 के पास पहुंची तो दोनों ट्रेन से नीचे गिर गए और उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब से प्रयागराज के पीडीडीयू जंक्शन का टिकट, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर मिला। आधार कार्ड से शवों की पहचान पिता-पुत्र के रूप में की गई। आशंका जताई गई कि पिता-पुत्र ट्रेन के गेट पर बैठे होंगे इसी बीच ट्रेन से गिर गए होंगे। थानाप्रभारी माधव सिंह ने बताया कि मृतक के जेब से आधार कार्ड व सहज जन सेवा केंद्र का मोबाइल नंबर मिला। मोबाइल नंबर पर काल कर गांव के प्रधान का नंबर लेकर बात की गई। प्रधान खेम प्रसाद साहू ने मृतक के छोटे भाई विजय उर्फ राजेश भारद्वाज से बात कराई तो उसने बताया कि पतनी की मौत के बाद अजय अपने पुत्र को साथ रखकर मेहनत मजदूरी का कार्य करते थे। छह माह पूर्व घर से कमाने के लिए निकले थे। इसके बाद मुझे कोई जानकारी नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि भाई ने पैसे नहीं होने की बात बताई, लेकिन उसे किसी तरह से यहां बुलाकर उसकी मदद करने का भरोसा दिया गया है।

# सोच-समझकर करें अपने प्रतिनिधि का चुनाव

**मीरजापुर ।** विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम पार्टियां अपने पक्ष में मतदान करने की बात कर रही है। वहीं चुनाव आयोग मत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जनता से अपील कर रहा है। इस बीच अधिवक्ताओं ने मतदान के अधिकार को लेकर



आम जनता से सही उम्मीदवार को परखकर वोट देने की अपील की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि वोट करना हर एक व्यक्ति का अधिकार है। ऐसे में अपने मत का जरूर प्रयोग करना चाहिए। दैनिक जागरण के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्री आफिस के सामने चैंबर में अधिवक्ताओं ने खुद मतदान करने के साथ दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। विकास व सुशासन को लेकर अधिवक्ता पंकज कुमार सिंह, रोहित सिंह, गोविद शुक्ला, बालेंद्र बहादुर सिंह, सत्यनारायण सिंह, सुशील यादव, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रभूषण सिंह, आकाश प्रताप सिंह, संजय कुमार सिंह, पुष्पराज द्विवेदी, विनय कुमार सिंह ने चुनावी चर्चा भी की। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में आम जनता की महत्वपूर्ण भागीदारी को लेकर अधिवक्ताओं ने सभी से वोट करने की अपील की। कहा कि मतदान करते समय ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जो जनता के हित के बारे में सोचे और विधानसभा में जनता की बातों को रख सके। जनता का प्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो एक मजबूत व निष्पक्ष सरकार का निर्माण करे और राज्य हित के बारे में सोचे। किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर अपने मत का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जिसकी छवि समाज में स्वच्छ और अच्छे आचरण का हो। निष्पक्ष भाव से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि एक वोट से ही देश के भविष्य का निर्माण होता है। ऐसे में अपने बहुमूल्य वोट का अवश्य प्रयोग करना चाहिए।

# किसानों से जनपद में सात मार्च तक होगी धान खरीद

**मीरजापुर ।** किसान हित में शासन द्वारा धान खरीद की अवधि 28 फरवरी से बढ़ाकर 7 मार्च तक बढ़ा दिया है। अब 7 मार्च तक होगी जनपद में कृषकों से धान की खरीद। शासन द्वारा 25 फरवरी को जारी शासनदेश के द्वारा धान खरीद की अवधि को 28 फरवरी से बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया गया है, ताकि शेष पंजीकृत कृषक भी अपना धान सुगमतापूर्वक क्रयकेंद्रों पर विक्रय कर सकें। जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मीरजापुर धनंजय सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 38886 किसानों से 1,84,136.28 एमटी की खरीद हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य 1,80,000 एमटी का 102.30 है। कुल खरीद के सापेक्ष अबतक 33889.45 लाख का भुगतान हो चुका है, जो देय भुगतान 35636.18 लाख का 95.61 फीसद है।

# कोरोना के खिलाफ चलेगा जागरूकता कार्यक्रम

**मीरजापुर ।** जिला विज्ञान क्लब की ओर से कोविड-19 व अंधविश्वास के खिलाफ वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन होगा। बच्चों के बीच पोस्टर, वैज्ञानिक संवाद, निबंध, माडल जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही बच्चों को विज्ञान पुस्तकें, दैनिक जीवन की वस्तुएं व सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। जिला विज्ञान क्लब के समन्यवक सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बाजीराव कटरा स्थित सुंदर मुंदर जायसवाल नगर पालिका बालिका इंटर कालेज में विज्ञान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 14 मार्च को जनता जनार्दन इंटर कालेज भुड़कुड़ा में अलौकिक चमत्कारों की व्याख्या व अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# जाम प्वाइंट बना तहसील चौराहा व रमईपट्टी तिराहा

**मीरजापुर ।** शहर में बेलगाम होकर चलने वाला यातायात लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यातायात नियमों को दरकिनार कर चलने वाले वाहन चालकों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इससे आए दिन कहीं न कहीं जाम लगता रहता है। शुक्रवार को फिर तहसील चौराहा व रमईपट्टी तिराहा को जाम की झाम में फंस गया। बढ़ते वाहनों की संख्या के साथ बेलगाम होकर चलने वाला यातायात जाम की झाम से कराहता रहता है। जाम के कारण किसी की ट्रेन छूट जाती है तो कोई आफिस के लिए लेट हो जाता है। इसके बाद भी यातायात व्यवस्था पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिससे जाम के झाम से निजात मिल सके। एक ओर जाम खुलता तो दूसरी ओर लग जाता। इससे काफी देर तक जाम लगा रहा और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यातायात कर्मी यातायात को सामान्य कराने के लिए मशक्कत करते रहे, मगर यातायात घंटो रेंगता दिखाई पड़ा। दोपहर बाद यातायात सामान्य हुआ तब लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह से लेकर शाम तक तहसील चौराहा शुक्लहा व रमईपट्टी तिराहा पर आवागमन करते समय काफी सावधानी दिखानी पड़ती है। लोगों ने इसका कारण जाम लगना



बताया। ई-रिक्शा के चलते आने-जाने व सामान लाने और ले जाने में सुविधा तो मिलती रही है, लेकिन ई-रिक्शा अत्यधिक संख्या में होने से लोगों को गलियों तथा मुख्य मार्गो पर निकलने में काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि ज्यादातर ई रिक्शा चालकों के पास न तो ड्राइविग लाइसेंस और न ही रिक्शा चलाने का कोई अनुभव होता है। ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़े होकर सवारियों का इंतजार किया करते हैं। लोंगो को इनसे आराम तो है, लेकिन नुकसान भी होता है। जाम के झाम के चलते लोगों को घंटों देरी का सामना करना पड़ता है। सरकारी कर्मचारियों को भी जाम की स्थिति से गुजरना पड़ता है।

# लोकतंत्र का मनाएंगे महापर्व मतदाता होने का निभाएंगे फर्ज

**मीरजापुर ।** मुसफ्फरगंज स्थित केबीपीजी कालेज परिसर में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने मिल-जुलकर आपस में चर्चा की और कहा कि इस बार के चुनाव में सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। वहीं छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैंडेटों ने दो सौ मीटर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। सभी ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। कालेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार सिंह ने छात्रों के साथ मिलकर संकल्प लिया कि सभी लोग अपने मतदाता होने का फर्ज निभाएंगे और भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। कहा कि चुनाव में सभी लोग मिलकर मतदान करने जाएंगे। अपने परिवार, रिश्तेदार और आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। मतदान करना हम सबका अधिकार और कर्तव्य है। इस




दौरान कार्यक्रम संयोजक डा. रतनेश मिश्र, डा. अशोक कुमार सिंह चंदेल, डा. अशोक कुमार पांडेय, डा. पीयूष, कमल द्विवेदी, डा. धनंजय सिंह, डा. अनिल कुमार पांडेय, सुबास चंद्र पांडेय आदि थे।

# हैदराबाद कमाने गए व्यक्ति की मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**गोविदपुर (सोनभद्र)।** म्योरपुर थाना क्षेत्र के मधुबन ग्रामसभा के पूर्व बीडीसी चंद्रमा सिंह (40) पुत्र कुशियाल का शव रविवार की सुबह घर आया तो कोहराम मच गया। हैदराबाद से शव एंबुलेंस से गांव पहुंचाया गया। चंद्रमा सिंह हैदराबाद में एक कंपनी में 23 फरवरी को मजदूरी करने गए थे। 25 फरवरी को कार्य के दौरान रात्रि करीब 11 बजे भवन की चौथी मंजिल से वह नीचे गिर गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कंपनी ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम हैदराबाद में ही कराया और फिर एंबुलेंस से शव रविवार को पहुंचाया।पर मौके पर ग्राम प्रधान बर्फीलाल, पूर्व बीडीसी नंदू प्रसाद, शिवपूजन, विध्याचल, विनोद सहित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने एंबुलेंस को मौके पर रोक लिया था और कंपनी से मुआवजे की मांग की। काफी देर तक ग्रामीणों ने एंबुलेंस रोके रखा। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को समझाया तब ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे बाद एंबुलेंस को छोड़ा। के मुताबिक कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधि ने मृतक के स्वजन के खाते में मुआवजा की राशि भेजने का आश्वासन दिया है।

# मतदान बढ़ाने के लिए वाक फार वोट में पैदल चला प्रशासनिक अमला

**मीरजापुर ।** विधानसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लिए आयोजित



वाक फार वोट में प्रशासनिक अमला पैदल चला। आयुक्त योगेश्वराम मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने पैदल चलकर लोगों को प्रेरित किया। आयुक्त कार्यालय पथरहिया से वाक फार वोट आरंभ होकर भरुहना, तहसील चौराहा, पुलिस लाइन होते हुए कलेक्ट्रेट में समाप्त हुआ। आयुक्त ने कहा कि आगामी सात मार्च को लोग घरों से निकले और बूथों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी लोग मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने लोगों से शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। कहा कि उनके मत से ही सरकार का गठन होगा। अच्छे प्रत्याशी चुने जाएंगे तो देश व समाज का भल होगा। स्वीप योजना के तहत आयोजित वाक फार वोट लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी भानू प्रसाद, एआरटीओ विजय प्रताप सहित शामिल लोगों ने मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोगों ने सारे काम छोड़ दो सात मार्च को वोट दो का नारा लगाया।

# 78 किलो गांजा बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** शनिवार की रात हाथीनाला तिराहा के पास से पुलिस ने एक कार पकड़ा। जांच के दौरान कार में 78 किलो 720 ग्राम गांजा बरामद किया गया। यह गांजा ओडिशा से वाराणसी ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपित ओडिशा के ही निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने कार को सीज कर दिया और रविवार को तीनों आरोपितों का चालान कर जेल भेज दिया। हाथीनाला थानाध्यक्ष रविद्र प्रसाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हाथीनाला पुलिस, सर्विलांस व एसओजी टीम के साथ वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर वाहनो की गहन जांच कर रही थी तभी एक हुंडई कार दूर से आती दिखाई दी। इस पर वाहन को रोका गया। जांच की गई तो बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। तस्करों के कब्जे से बरामद गांजा 78 किलो 720 ग्राम है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से पकड़े गए तीनों तस्कर दुर्गा प्रसाद भुईया पुत्र जदुमनी, अच्युत नायक पुत्र स्व. मदन मोहन नायक व अरूण कुमार दुर्गा पुत्र माकंड दुर्गा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि वे गांजा ओडिशा से लेकर आ रहे थे। इसे वाराणसी में बेचना था। पकड़े गए तस्करों के तार दूसरे कई प्रांतों के अवैध गांजा तस्करों से जुड़े होने की सूचना मिली है। इसकी गहनता से जांच की जा रही है। उड़ीसा के रहने वाले तस्करों से और कई अहम जानकारी पुलिस को मिली है।




# महर्षि दयानंद की राष्ट्र सेवाएं अविस्मरणीय

**अनपरा (सोनभद्र) ।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीना में शनिवार को आर्य समाज के संस्थापक और वैदिक संस्कृति के महान प्रणेता महर्षि दयानंद की जयंती मनाई गई। मुख्य यजमान के प्रति प्रेरित किया गया। कहा कि उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश लिखकर वेदों के ज्ञान का मार्ग प्रशस्त किया। वरिष्ठ प्रवक्ता ऊर्मिला त्रिपाठी ने महर्षि दयानंद की सामाजिक सेवाओं की चर्चा करते हुए उन्हें महान



विद्यार्थियों के साथ हवन करमहर्षि के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य धीरज कुमार सिंह ने महर्षि दयानंद के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कहा कि महर्षि दयानंद महान देशभक्त और समाज सुधारक थे। उनकी अतुलनीय राष्ट्र सेवाओं का विद्यार्थियों को स्मरण कराया गया। उनके पद- चिह्नों पर चलने समाज सुधारक बताया। सीसीए कोआर्डिनेटर दिनेश मिश्र ने भारत के नव जागरण में महर्षि दयानंद के प्रखर व्यक्तित्व और कृतित्व के योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का महान चितक बताया। संस्कृत अध्यापक लव शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विश्व कल्याण कामना के साथ हवन कराया। समापन शांति पाठ से किया गया।

## मतदान लोकतंत्र का उत्सव

**सोनभद्र।** तरूण महिला केसरवानी क्लब की ओर से राबर्ट्सगंज में रविवार को मतदाता जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें क्लब की जिलाध्यक्ष श्वेता केसरी ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई। कहा कि मतदान लोकतंत्र का उत्सव है। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान महामंत्री शालू केसरी, मंत्री पूजा केसरी, कोषाध्यक्ष बीना केसरी, नेहा केसरी, किरण केसरी, श्वेता सोनी, मुनमुन केसरी, पूजा, सौम्या केसरी, भगवंती रहीं।

# रेलवे पुलिया पर निकले सरिया का अनुरक्षण

**अनपरा (सोनभद्र) ।** वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर अनपरा बाजार मोड़ के पास एमजीआर रेलवे पुलिया पर निकले सरिया के संदर्भ में दैनिक जागरण ने 18 फरवरी को खबर प्रकाशित की थी। इसको संज्ञान में लेते हुए पीडब्लूडी विभाग ने रविवार को पुल पर निकले सरिया को संविदाकार के माध्यम से पाटा। मुख्य मार्ग पर निकले नुकीले सरिया से आवागमन में लोगों को कई माह से काफी परेशानी हो रही थी।



# श्रीलंका की 18 सदस्यीय टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत पहुंची

**धर्मशाला।** स्टार बल्लेबाज दिमुथ करुणारतने के नेतृत्व में एंजेलो मैथ्यूज, लाहिरू थिरिमाने और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाडियों के साथ 18 सदस्यीय श्रीलंका की टेस्ट टीम शुक्रवार को भारत के खिलाफ मोहाली में चार मार्च से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए यहां पहुंची। भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी जिसमें दूसरा टेस्ट मैच डे-नाइट होगा और इसका आयोजन बेंगलुरु में किया जाएगा। श्रीलंका के युवा एवं खेल मंत्री नमल राजपक्षे द्वारा अनुमोदित 18 सदस्यीय टेस्ट टीम में आलराउंडर रमेश मेंडिस भी हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि रमेश मेंडिस चोट के कारण नहीं खेलेंगे। बोर्ड ने हालांकि यह नहीं बताया कि चोटिल होने के बाद भी उनका नाम टीम में क्यों है। वहीं, सीनियर बल्लेबाज कुशल मेंडिस और स्पिनर महेश तीक्ष्णा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम दो टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। कुशल हालांकि यहीं रुकेंगे क्योंकि वह टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।इंग्लैंड में बायो-बबल (कोरोना से बचाव के लिए बनाए गए सुरक्षित माहौल) तोड़ने के आरोप में निलंबित होने वाले निरोशन डिकवेला सजा पूरी करने के बाद टी-20 टीम से जुड़ गए हैं। उनके साथ धनंजय डिसिल्वा को भी टी-20 टीमें जगह दी गई है। दिमुथ करुणारतने (कप्तान), पथुम निसांका, लाहिरु थिरिमाने, धनंजय डिसिल्वा, कुशल मेंडिस (फिटनेस के अधीन), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, चरित असलंका, निरोशन डिकवेला, चमिका करुणारतने, रमेश मेंडिस (चोट के कारण नहीं खेलेंगे), लाहिरु कुमारा, सुरंगा लकमल, दुष्मंता चमीरा, विश्व फनरंडो, जेफ्री वांडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, लसित एंबुलडेनिया।



# तमिलनाडु के जुड़वा भाइयों ने एक ही मैच में शतक जड़कर रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ के बीच चल रहे रणजी ट्राफी के मुकाबले में तमिलनाडु के बल्लेबाज बाबा अपराजित और बाबा इंद्रजीत ने इतिहास रच दिया है। दोनों फर्स्ट क्लास क्रिकेट में खेलते हुए ऐसे पहले जुड़वा भाई बन गए हैं जिन्होंने एक ही मैच में एक ही टीम के लिए शतक लगाया हो। इस मैच में बाबा इंद्रजीत ने 127 रनों की पारी खेली जबकि उनके भाई बाबा अपराजित 144 रन बनाकर अब भी नाबाद हैं। दोनों भाइयों की शानदार पारी की बदौलत तमिलनाडु मजबूत स्थिति में पहुंच गई है और उसने खेल के दूसरे दिन लंच तक टीम ने 6 विकेट पर 417 रन बना लिए हैं। बाबा इंद्रजीत का यह 11वां, जबकि बाबा अपराजित का यह 10वां फर्स्ट क्लास मैच है। दोनों ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 205 रन जोड़े और तमिलनाडु की टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले भी दोनों ने एक ही मैच में शतक लगाया था लेकिन तब दोनों अलग-अलग टीमों के लिए खेल रहे थे। लेकिन ऐसा मौका पहली बार है जब एक ही टीम से खेलते हुए दोनों ने यह कारनामा किया है अपराजित ने इंडिया रेड तो इंद्रजीत ने इंडिया ग्रीन की तरफ से खेलते हुए दिलीप ट्राफी में शतक लगाया था। दोनों भाइयों का खेलने का अंदाज एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। इंद्रजीत ने जहां 141गेंदों में 127 रन की पारी खेली तो वहीं अपराजित 247 गेंदों पर 144 रन बनाकर अब भी नाबाद हैं। टाइम्स आफ इंडिया से बात करते हुए इंद्रजीत ने कहा ठएक दूसरे के साथ बल्लेबाजी करना बचपन से ही पसंद है। हम हमेशा एक दूसरे को बैक करते हैं। जब पिछली बार हम दोनों ने शतक लगाए थे तो हम अलग-अलग टीम में थे लेकिन एक मैच में और तमिलनाडु के लिए ऐसा करना दोनों के लिए खास अनुभव है।ठ इस मौके पर बाबा अपराजित ने कहा कि वो तेजी से गेंद को हिट कर रहा था लेकिन मैं ऐसी कोई गलती नहीं करना चाहता था।




# रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने, कोहली का रिकार्ड भी तोड़ा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में रोहित शर्मा ने विराट कोहली का बड़ा रिकार्ड तोड़ दिया। अपनी पारी के दौरान वो भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गए। भारत की तरफ से इससे पहले टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड विराट कोहली के नाम पर दर्ज था। यही नहीं रोहित शर्मा अब क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के भी पहले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट कोहली ने भारत के लिए अब तक 97 मैचों की 89 पारियों में 51.50 की औसत से कुल 3296 रन बनाए हैं तो वहीं रोहित शर्मा अब उनसे आगे निकल गए हैं। रोहित शर्मा ने अब तक 123 मैचों की 115 पारियों में 33.07 की औसत से 3307 रन बनाए हैं। भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर केएल राहुल हैं। केएल राहुल ने अब तक 56 मैचों में 40.68 की औसत से 1831 रन बनाए हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा अब में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने मार्टिन गप्टिल का रिकार्ड तोड़ते हुए ये उपलब्धि अपने नाम कर ली। मार्टिन गप्टिल के नाम पर अब तक 3299 रन दर्ज हैं। रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ इस मैच में 32 गेंदों पर 2 चौके व एक छक्का की मदद से 44 रन की पारी खेली। उन्होंने ईशान किशन के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 111 रन की शतकीय साझेदारी की और भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।



# नंबर तीन पोजीशन पर विराट कोहली के बैकअप के लिए कौन है बेस्ट, पूर्व भारतीय बैटिंग कोच ने बताया नाम

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। भारत इस वक्त श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रहा है। इस सीरीज के पहले मैच में भारत को 62 रन से जीत मिली थी और भारत की जीत में ईशान किशन व श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी का जबरदस्त योगदान रहा। इस मैच में श्रेयस अय्यर ने नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर नाबाद 57 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली और इस दौरान 5 चौके व 2 छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने नंबर तीन पर जिस तरह की बल्लेबाजी की वो काबिलेतारीफ थी। अब श्रेयस अय्यर को लेकर टीम इंडिया के पूर्व बैटिंग कोच संजय बांगड़ का मानना है कि टीम मैनेजमेंट उन्हें नंबर तीन पर ग्रूम कर रही है जहां पर विराट कोहली बल्लेबाजी करते हैं। संजय बांगड़ का मानना है कि नंबर तीन के लिए श्रेयस अय्यर विराट कोहली के अच्छे विकल्प हैं और वो किसी मैच में इंजर्ड हो जाते हैं या फिर नहीं खेलते हं तो श्रेयस उनकी जगह ले सकते हैं। कोहली को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया था और इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ भी वो आखिरी टी20 मैच में नहीं खेले थे। अय्यर को कोहली की जगह दोनों मैचों में खेलने का मौका मिला था जिसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने 16 गेंदों पर 25 रन जबकि श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में 28 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए थे। स्टार स्पोर्ट्स के साथ बात करते हुए संजय बांगड़ ने श्रेयस अय्यर को टी20 में नंबर तीन पर विराट कोहली का सबसे शानदार बैकअप करार दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय बेंच स्ट्रेंथ और मजबूत होता जा रहा है। श्रेयस अय्यर को लगातार नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जा रहा है। इसलिए भगवान न करे अगर विराट कोहली किसी मैच में चोटिल हो जाते हैं, तो मुझे लगता है कि वह नंबर 3 पर एक बहुत अच्छा विकल्प बन सकते हैं और शायद यही है। जहां टीम प्रबंधन की निगाहें श्रेयस अय्यर पर टिकी हैं।



# श्रेयस अय्यर का बड़ा खुलासा, यह काम करने के लिए बुमराह को की थी रिश्वत देने की कोशिश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और रिषभ पंत जैसे खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं। ऐसे में श्रेयस अय्यर पर मध्यक्रम की बड़ी जिम्मेदारी है। श्रेयस को टी20 वर्ल्ड कप 2021 कि टीम में जगह नहीं मिली थी ऐसे में उनके पास एक बड़ा मौका है कि वो अच्छा प्रदर्शन करके टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए अपनी दावेदारी पेश करें जो आस्ट्रेलिया में इस साल के अंत में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर को आइपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर का कप्तान बनाया गया है और उन्हें इन दिनों भारतीय टीम में टी20 मुकाबलो में कोहली की जगह नंबर तीन पर बल्लेबाजी का मौका दिया जा रहा है। श्रीलंका के खिलाफ भी उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और 28 गेंदों पर तेजी से नाबाद 57 रन बनाकर भारतीय टीम के स्कोर को 199 तक पहुंचा दिया था। इस मैच में भारत को 62 रन से जीत मिली। इस मैच में भारत की जीत के बाद श्रेयस अय्यर ने एक बड़े ही दिलचस्प वाकये का जिक्र किया और बताया कि वो इस मैच के अंतिम के ओवर्स में अपना हाथ घुमाने के लिए (गेंदबाजी करने के लिए) उत्सुक थे और उन्होंने उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह को गेंद देने के लिए मनाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने मना कर दिया। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में श्रेयस ने कहा कि 16वें ओवर के आसपास जब वो रोहित शर्मा के पास गए तो उन्होंने बुमराह को पहले ही बता दिया था कि ये ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें गेंदबाजी करने की जरूरत है। मैंने बुमराह को रिश्वत देने की कोशिश की, लेकिन ये मेरे काम नहीं आया (हंसते हुए)। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच के आखिरी कुछ ओवर्स में रोहित शर्मा मैदान से बाहर थे और ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने अंत तक कप्तानी की थी। भारत ने इस मैच में पांच फ्रंट लाइन गेंदबाजों के साथ 7 बालर्स को आजमाया था। दीपक हुडा और वेंकटेश अय्यर को भी कुछ ओवर्स गेंदबाजी करने को मिले थे। हालांकि श्रेयस अय्यर को गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला था। वैसे उन्होंने पिछले महीने केपटाउन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में तीन ओवर गेंदबाजी की थी।



# भारत के डेथ बालिंग अटैक में बुमराह का साथ कौन गेंदबाज निभा सकता है जहीर खान ने बताया नाम

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को लगता है कि जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की जोड़ी इस साल के अंत में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी 20 विश्व कप 2022 में भारतीय डेथ बालिंग का नेतृत्व कर सकती है। श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण काफी अच्छी थी और उसकी सराहना करते हुए जहीर ने कहा कि पटेल और बुमराह की गेंदबाजी शैली के अंतर से इस जोड़ी को डेथ ओवरों में विपक्ष के खिलाफ सफल आक्रमण का नेतृत्व करने में मदद मिल सकती है। जहीर खान ने क्रिकबज के साथ बात करते हुए जहीर खान ने कहा कि एक तरफ जहां बुमराह तेज यार्कर और अजीबोगरीब लंबाई की गेंदें अलग-अलग गति के साथ फेंक सकते हैं, वहीं हर्षल विकेट लेने के मौके पैदा करने में अधिक सहज होते हैं जब बल्लेबाज उनकी गेंद पर चार्ज करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि डेथ ओवर्स के दौरान विपक्षी बल्लेबाज बुमराह के मुकाबले हर्षल की गेंद पर ज्यादा शाट मारने की कोशिश करेंगे और यही बात उनके पक्ष में काम करेगा। जहीर खान ने कहा कि बुमराह एक तरफ से बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने के लिए रोक देंगे तो वहीं इस मौके का फायदा उठाते हुए हर्षल पटेल अपने वैरिएशंस का सही इस्तेमाल करते हुए विकेट ले सकेंगे। मुझे लगता है कि ये जोड़ी डेथ ओवर्स में एक दूसरे के पूरक रहेंगे और ये भारत के हक में होगा। आपको बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में बुमराह ने तीन ओवर में 19 रन दिए थे जबकि उन्हें एक भी सफलता नहीं मिली थी तो वहीं हर्षल पटेल ने दो ओवर में 10 रन दिए थे और उन्हें भी कोई सफलता नहीं मिली थी। भारत को अब श्रीलंका के खिलाफ 26 और 27 मार्च को दूसरा और तीसरा टी20 मैच खेलना है।



# डेनिल मेदवेदेव और राफेल नडाल में होगा मेक्सिकन ओपन का सेमीफाइनल मुकाबला

**अकापुल्को।** रूस के डेनिल मेदवेदेव और स्पेन के राफेल नडाल ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर मेक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए इन दो दिग्गजों का एक बार फिर आमना-सामना होगा। मेदवेदेव और नडाल के बीच इस साल आस्ट्रेलियन ओपन का खिताबी मुकाबला हुआ था जहां नडाल ने बाजी मारी थी। मेदवेदेव के पास अब इस हार का बदला चुकता करने का मौका रहेगा। मेदवेदेव ने जापान के योशिहितो निशिओका को 6-2, 6-3 से मात दी। वहीं, नडाल ने अमेरिका के टामी पाल को 6-0, 7-6(5) से हराया। अकापुल्को, एपी। टोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अलेक्सांद्रे ज्वेरेव पर मैक्सिको ओपन में डबल्स मैच गंवाने के बाद अंपायर की कुर्सी पर रैकेट मारने के कारण पुरुषों के पेशेवर टेनिस टूर (एटीपी) ने 40 हजार डालर (करीब 30 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उनकी 30 हजार डालर (करीब 22 लाख रुपये) से अधिक की पुरस्कार राशि और सभी रैंकिंग अंक भी काट दिए गए हैं। एटीपी ने इसके साथ ही घोषणा की कि वह इस घटना की आगे समीक्षा करेगा। ज्वेरेव अभी विश्व रैंकिंग के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हैं और मैक्सिको ओपन के सिंगल्स में मौजूदा चैंपियन हैं। जर्मनी के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को अंपायर अलेसांद्रो जरमानी पर चिल्लाने और उनकी कुर्सी पर गुस्से में रैकेट मारने के कारण पहले ही टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। एटीपी ने कहा कि ज्वेरेव पर अपशब्दों का उपयोग करने और खेल भावना के विपरीत व्यवहार करने के लिए 20-20 हजार डालर (करीब 15-15 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा उन्हें सिंगल्स और डबल्स की अपनी संपूर्ण पुरस्कार राशि 31,570 डालर (करीब 24 लाख रुपये) और रैंकिंग अंक भी गंवाने पड़े। सैंटियागो, एपी।



# अंतिम रेड तक खिंचे खिताबी मुकाबले में पटना को हराकर दिल्ली पहली बार बनी चैम्पियन

**बेंगलुरु।** बीते सीजन के फाइनल में बंगाल वॉरियर्स के हाथों हारने वाली दबंग दिल्ली केसी ने आखिरकार प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का खिताब जीत लिया है। दिल्ली ने शुक्रवार को अंतिम रेड तक खिंचे आठवें सीजन के रोमांचक फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 37-36 से हराया।दिल्ली के लिए यह सीजन खास रहा क्योंकि उसने इस साल तीनों बार पटना को हराया, जिसे सम्भावित विजेता माना जा रहा था। सेमीफाइनल में यूपी योद्धा के खिलाफ एकतरफा जीत हासिल करने वाली पटना की टीम अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर सकी जबकि दिल्ली ने अपने दो स्टार रेडरों-नवीन कुमार (13) और विजय मलिक (14, 2 सुपर रेड के साथ) की बदौलत एक अंक जीत के साथ चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। पटना की ओर से गुमान सिंह ने सबसे अधिक 9 अंक बनाए जबकि सचिन तंवर ने 10 अंक का योगदान दिया लेकिन इस मैच में उसका डिफेंस नहीं चला। पटना के डिफेंस को सिर्फ चार अंक मिले। दिल्ली के डिफेंस ने 11वें मिनट में अपना पहला अंक लिया लेकिन उससे पहले नुकसान हो चुका था क्योंकि पटना ने दिल्ली को 10वें मिनट में आलआउट कर 12-8 की लीड ले ली थी। दिल्ली के रेडर बोनस पर खेल रहे थे जबकि पटना के रेडर लगातार रनिंग हैंड टच से अंक ले रहे थे। इस दौरान हालांकि पटना के डिफेंस ने भी नवीन के रूप में सिर्फ एक टैकल किया। दिल्ली के लिए दिक्कत की बात यह रही कि नवीन एक बार जो आउट हुए तो सीधे ऑलआउट के बाद ही मैट पर आ सके। दिल्ली ने हालांकि आलइन के बाद दो अंक लिए और स्कोर 10-12 कर दिया। इसके बाद पटना ने लगातार दो अंक लिए। फिर नवीन ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर इस सीजन में अपने 200 रेड अंक पूरे किए। हाफ टाइम तक स्कोर 17-15 से पटना के पक्ष में रहा। दिल्ली को आलआउट करने के बाद पटना ने चार अंक की लीड ली थी लेकिन फिर दिल्ली ने वापसी करते हुए उसे 2 का कर दिया। इस हाफ में दोनों टीमों को रेड में 12-12 और डिफेंस में 2-2 अंक मिले। साथ ही दोनों को 1-1 अंक एक्स्ट्रा भी मिले। पटना को ऑलआउट के दो अंक मिले, जिसने अंतर पैदा किया। सचिन ने ब्रेक के बाद संदीप नरवाल को आउट कर पीकेएल में 600 रेड अंक पूरा किए। पटना ने फिट नवीन को टैकल कर स्कोर 20-16 कर दिया।




# राशिफल

**मेष-:**आज आप बौद्धिक कार्यों से धन अर्जित करेंगे. भौतिक संसाधनों की ओर अधिक झुकाव के कारण इनमें वृद्धि हो सकती है। यात्रा की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी।

**वृष-:**आज आपका किसी से तीखा झगड़ा हो सकता है. इस झगड़े से बचने की पूरी कोशिश करें, आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। इस दौरान किया गया कोई भी झगड़ा भयानक रूप ले सकता है।

**मिथुन-:**आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा. आप अपने भविष्य के बारे में थोड़ा सोच सकते हैं। संबंध बेहतर रहेंगे। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है।

**कर्क-:**आज ही भविष्य के लिए अपनी आर्थिक योजना बनाएं और अपनी योजना और लक्ष्य तय करने का प्रयास करें. कार्यस्थल पर विवाद खत्म होने से सुख शांति में वृद्धि होगी।

**सिंह-:**आज आपके परिवार में खुशियों की वृद्धि होगी. संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज बहुत अच्छा रहेगा। उनसे भी आपको पूरा सहयोग मिलने की उम्मीद है

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी सूझबूझ से सारे काम संभाल लेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी।

**तुला-:**आज आपको आर्थिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। आज मनपसंद खाना खाकर आपको आनंद मिलेगा।नौकरी में अधिक मेहनत करें।

**वृश्चिक-:** आज आपको व्यापार में सफलता मिलेगी. जो आपको गर्व और जोश से भर देगा। इस तरक्की को हासिल करने से आपको एहसास होगा कि आपने सही समय पर सही कदम उठाए है।

**धनु-:**आज अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे. छात्रों को किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे। वैवाहिक जीवन में आप अच्छा महसूस करेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर-:**आज आपको शुभ समाचार मिलेगा. सुबह व्यायाम करें, अतिरिक्त लाभ मिलेगा। आपका पार्टनर काफी नाराज़ रहेगा फिर भी अपने जीवन की सभी समस्याओं को नज़रअंदाज करते हुए।

**कुंभ-:**आज आपको कारोबार में सफलता मिलेगी. जो आपको गर्व और जोश से भर देगा। इस तरक्की को हासिल करने से आपको एहसास होगा कि आपने सही समय पर सही कदम उठाए

**मीन-:**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परिवार वालों की सलाह आपके लिए अहम रहेगी। साथ ही आप उनकी हर संभव मदद भी करेंगे। आपके भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

# सम्पादकीय

## यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के दौर में युद्ध की कूटनीति और उससे संबंधित अर्थशास्त्र को समझना चाहिए

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण पूरा विश्व चिंता में है, क्योंकि इससे वैश्विक शांति भंग हो सकती है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ यूक्रेन का जन्म एक स्वतंत्र देश के रूप में जनमत संग्रह और राष्ट्रपति चुनाव के साथ हुआ था। यूक्रेन को पूरी उम्मीद थी कि रूसी आक्रमण के बाद अमेरिका उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाएगा, लेकिन अमेरिका द्वारा सैन्य मदद से इन्कार के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अमेरिका की भी आलोचना की है। ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में कहीं से भी मदद न मिलने के कारण ताकतवर रूस के साथ यूक्रेन की सेना आत्मसमर्पण कर देगी। वर्तमान संकट के बारे में यदि निष्पक्ष तरीके से देखा जाए तो ऊपरी तौर पर ऐसा लग सकता है कि यह किसी देश पर आक्रमण है। जैसाकि भारत ने कहा भी है कि सभी विवादों को बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है और ऐसा होना भी चाहिए। लेकिन यदि रूस के नजरिये से इस पर विचार किया जाए तो ध्यान में आता है कि शीतयुद्ध के समय से लेकर अभी तक एक ओर रूस और दूसरी ओर अमेरिका एवं उसके मित्र अन्य नाटो देशों के बीच लगातार एक तनातनी बनी हुई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि यूक्रेन द्वारा नाटो समूह में शामिल होने से रूस की सीमाओं पर नाटो उपस्थित हो जाएगा। ऐसे में रूस कभी भी नहीं चाहेगा कि किसी भी हालत में यूक्रेन नाटो का सदस्य बने। साथ ही यह पहली बार नहीं है कि यूक्रेन के साथ रूस के संबंधों में टकराव की स्थिति आई है। जब-जब यूक्रेन ने नाटो के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ाने का प्रयास किया है, तब-तब रूस ने उसका प्रतिकार किया है। कुछ अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का यह मानना है कि आने वाले समय में रूस के राष्ट्रपति सोवियत संघ की पुनर्स्थापना के लिए सोवियत संघ के विघटन के बाद नवोदित देशों पर भी सैन्य आक्रमण कर उन्हें अपने अधीन कर सकते हैं। लेकिन इस विचार का कोई आधार दिखाई नहीं देता है। सर्वप्रथम रूस ने स्वयं कहा है कि यूक्रेन पर कब्जा करने का उसका कोई इरादा नहीं है। कुछ समय पूर्व जब रूसी राष्ट्रपति से यह प्रशन पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वैश्विक महाशक्ति बने रहने की होड़ में उन्होंने काफी आर्थिक नुकसान सहा है। गौरतलब है कि सोवियत संघ के दिनों में शीतयुद्ध के चलते, रूस के राजकोष का एक बड़ा हिस्सा सैन्य खर्च में जाता था, जिसके कारण रूस के लोगों का जीवन स्तर अन्य समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम रह गया और मानव विकास की दौड़ में कहीं ज्यादा पिछड़ गया। गौरतलब है कि एक महाशक्ति बने रहने की कवायद में अमेरिका ने भी काफी नुकसान सहा है। सामान्यतः अमेरिका अपनी दादागिरी के प्रदर्शन के लिए अपनी रणनीति के अंतर्गत विभिनन्न देशों में सैन्य हस्तक्षेप करता रहा है। अफगानिस्तान समेत कई देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप, हाल ही के कुछ उदाहरण हैं। इन सभी प्रकार के हस्तक्षेपों का आर्थिक नुकसान के रूप में व्यापक खामियाजा अमेरिका को भुगतना पड़ा है। इसीलिए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने अलग-अलग देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप के नुकसानों से सबक लेते हुए भविष्य में इनसे बचने का आह्वान किया। हाल ही में वैश्विक आलोचना के बावजूद अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपनी सेना को वापस बुला लिया था। यह निर्णय आर्थिक कारणों से ही लिया गया था। इसीलिए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को साम्राज्यवादी विस्तार के नाते नहीं, रूस की अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए संवेदना के रूप में देखा जाना चाहिए। इस संबंध में यूक्रेन के घटनाक्रमों पर रूस की पहली प्रतिक्रिया नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार रूस ने यूक्रेन पर सशस्त्र और अन्य प्रकार से हस्तक्षेप किया है। वह नहीं चाहता कि नाटो के कारण उसकी सीमाओं पर कोई संकट आए। यूक्रेन के राष्ट्रपति जैलेंसकी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से गुहार लगाई कि वह यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने दें। वर्ष 2021 के मध्य में रूसी सेनाएं यूक्रेन की सीमाओं तक पहुंच गईं, लेकिन यूक्रेन फिर भी रूस के लिए नापसंद कार्य करता रहा। दिसंबर में बाइडन ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। उसके बाद से नाटो और अमेरिका लगातार रूस के प्रति आक्रामक रुख अपनाए रहा। यूरोपीय समुदाय के देशों, इंग्लैंड और अमेरिका द्वारा लगातार रूस को धमकियां दी जाती रहीं।

# यूक्रेन संकट यही आभास कराता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस को हल्के में लेकर गलती की

अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले संगठन नाटो में शामिल देशों की रूस के साथ बातचीत विफल होने के बाद यूक्रेन पर रूसी सेना के हमले की आशंका बढ़ गई थी। अंततः रूस यूक्रेन पर हमला करके ही माना। इस हमले के जवाब में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने शुरू कर दिए हैं। ये देश सुरक्षा परिषद में रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाए। रूस ने वीटो का इस्तेमाल कर उसे विफल कर दिया और भारत, संयुक्त अरब अमीरात एवं चीन ने खुद को मतदान से अलग रखा। भारत मतदान से अनुपस्थित अवश्य रहा, लेकिन उसने यह स्पष्ट किया कि वह यूक्रेन के घटनाक्रम से व्यथित है। भारत ने कूटनीति का रास्ता त्यागने पर अफसोस जाहिर करते हुए यह भी कहा कि हिंसा और शत्रुता तुरंत खत्म करने के सभी प्रयास करने चाहिए। एक तरह से भारत ने रूस को यह संदेश दिया कि वह उसकी कार्रवाई से खुश नहीं। भारत के रुख से अमेरिका और उसके सहयोगी देश असहमत हो सकते हैं, लेकिन वे इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि भारत के सामने चीन की चुनौती है। फिलहाल यह कहना कठिन है कि दुनिया यूक्रेन पर रूस के हमले से उपजे अभूतपूर्व संकट का सामना किस तरह करेगी? रूस यूक्रेन के समर्पण करने के बाद ही उससे बात करने को तैयार है और वह हथियार डालने को राजी नहीं। रूस के रवैये को देखते हुए यह साफ है कि उसे अमेरिका और अन्य देशों की ओर से लगाए जा रहे प्रतिबंधों की परवाह नहीं है। तेल के दामों में वृद्धि तो रूस के लिए फायदेमंद ही होगी, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था में तेल और गैस निर्यात की प्रमुख भूमिका है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन पर हमले का आदेश देते हुए अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को धमकाने वाले अंदाज में जिस तरह



यह कहा कि वह एक नाभिकीय शक्ति संपन्न देश है, उससे उसकी आक्रामकता का पता चलता है। अमेरिका की तरह यूरोप के लिए भी यूक्रेन संकट एक बड़ी चुनौती है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप के कई देशों का झुकाव जहां सोवियत संघ की तरफ रहा, वहीं कुछ ने अमेरिका के खेमे में रहना पसंद किया। जब सोवियत संघ का बिखराव हुआ तो उसका हिस्सा रहे कई देशों पर रूस की पकड़ ढीली पड़ गई। चूंकि रूस की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी इसलिए कई देशों ने यूरोप के मुक्त बाजार से जुड? के साथ अमेरिकी के नेतृत्व वाले सैन्य संगठन नाटो का सदस्य बनना पसंद किया। यूक्रेन भी सोवियत संघ से निकला देश है। उसने भी यूरोप से निकटता बढ़ाई और नाटो में शामिल होने की इच्छा जताई। स्वतंत्र देश होने के नाते उसे इसका अधिकार था, लेकिन रूस को यह रास नहीं आया। पुतिन लगातार यह चेतावनी दे रहे थे कि अगर नाटो ने उसकी सुरक्षा चिंता की अनदेखी कर यूक्रेन को अपना सदस्य बनाया तो वह उस पर हमला करेंगे। ध्यान रहे कि 2014 में रूस ने यूक्रेन के रूसी भाषी इलाके क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। अब वह यूक्रेन पर हमला कर इतिहास दोहरा रहा है।रूस का आक्रामक रुख अमेरिका के लिए न केवल चिंताजनक है, बल्कि उसकी साख को क्षति पहुंचाने वाला भी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पुतिन को कठघरे में खड़ा करना राजनीतिक रूप से लाभकारी लगता रहा है। शायद इसका एक कारण अमेरिका की घरेलू राजनीति में रूस का हस्तक्षेप है। शायद पुतिन के प्रति नाराजगी के कारण ही बाइडन ने ऐसी कोई पहल नहीं की, जिससे रूस को यह आभास होता कि अमेरिका उसकी सुरक्षा चिंता समझने को तैयार है। समस्या इसलिए गंभीर हो गई, क्योंकि यूक्रेन के राष्ट्रपति ने राजनीतिक अनुभवहीनता के कारण नाटो में शामिल होने की हड़बड़ी दिखाई। उनके लिए बेहतर यही था कि वह रूस की चिंताओं का ध्यान रखते। यूक्रेन जब अपनी अधीरता के कारण गहरे संकट में है, तब उसे नाटो का हिस्सा बनाने को तैयार बाइडन कह रहे हैं कि वे अपनी सेनाएं वहां नहीं भेजेंगे। स्पष्ट है कि यूक्रेन अलग-थलग पड़ गया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष से उभरे तनाव के कारण विश्व में हथियार लाबी सबसे अधिक लाभान्वित होती दिख रही है। उसके लिए मौजूदा तनाव अपने कारोबार को बढ़ाने का बड़ा अवसर है। भारत समेत अन्य देश अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिए अमेरिका और यूरोप से हथियार खरीदने को बाध्य हो सकते हैं। इसका लाभ रक्षा सामग्री बनाने वाली अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियों को ही मिलेगा। रूस खुद भी एक बड़ा हथियार विक्रेता है। हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि भारत अपनी 60 प्रतिशत रक्षा सामग्री के लिए रूस पर निर्भर है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर तमाम जोर देने के बाद भी इस दिशा में अभी बहुत काम होना है। अब इस काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ बातचीत में यह आग्रह किया कि इस मसले का शांतिपूर्ण तरीके से कूटनीतिक समाधान निकाला जाए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की छवि एक जिम्मेदार और शांतिपूर्ण देश की है। वैश्विक मामलों में भारत ने तटस्थ रहते हुए भी अनेक विवादों के हल में अपनी भूमिका अदा की है। यूक्रेन मामले में भारत की तटस्थता समय की मांग के अनुरूप है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका से भी नजदीकी संबंध कायम किए हैं, जबकि रूस के साथ उसके ऐतिहासिक मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। यही कारण है कि दोनों महाशक्तियां भारत को अपने पक्ष में करना चाहती हैं। भारत का हित दोनों देशों से करीबी संबंधों में है। भारत के लिए जहां अमेरिका और यूरोपीय देश कारोबार की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, वहीं रूस रक्षा सामग्री की खरीद के लिहाज से। बदले हालात में अमेरिका इसके लिए दबाव बना सकता है कि भारत रूस से किए गए रक्षा सौदों से पीछे हटे। जो भी हो, यूक्रेन संकट यही आभास कराता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस को हल्के में लेकर गलती की। उचित यही था कि अमेरिका और रूस बातचीत के जरिये अपने मतभेद दूर करते। उन्होंने ऐसा करने के बजाय यूक्रेन को मोहरा बनाकर विश्व शांति को खतरे में डालने का काम किया। अब जैसे हालात उभर आए हैं, उन्हें देखते हुए यह आवश्यक है कि कूटनीति के जरिये तनाव जल्द खत्म किया जाए। इसमें किसी भी देश का अहं आड़े नहीं आना चाहिए।

# अराजकता के रंगमंच पर अव्यवस्था का खेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन दिनों अपने चुनावी भाषणों में एक शब्द का प्रयोग कई बार करते हैं वो है ईकोसिस्टम। जब वो ईकोसिस्टम की बात करते हैं तो उनका निशाना उस संगठित समूह की ओर होता है जो उनकी पार्टी और उनके कार्यो को विफल करना चाहती है, लक्ष्य तक पहुंचने की राह में रोड़े अटकाती है। इस ईकोसिस्टम का प्रभाव राजनीति के बाद सबसे अधिक संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं में देखा जा सकता है। इस ईकोसिस्टम का प्रभाव देखना हो तो राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में पिछले पांच छह साल में घटने वाली घटनाओं को देखा जा सकता है। ईकोसिट्म के सदस्य वहां इस कदर हावी हैं कि संस्थान के हर तरह के काम में रोड़े अटकाए जाते हैं। पिछले दिनों राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की दीवार पर प्रधानमंत्री का एक बेहद ही आपत्तिजनक चित्र बना दिया गया। बड़े आकार के चित्र को दीवार पर उकेरने में घंटों लगे होंगे लेकिन विद्यालय प्रशासन को इसकी भनक नहीं लगी । चित्र जब व्हाट्सएप पर साझा किया जाने लगा तो प्रशासन हरकत में आया। चित्र मिटाया गया। उस शिक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसकी देखरेख में आपत्तिजनक चित्र बना। यहां भी ईकोसिस्टम सक्रिय हुआ और पहले इसको अभिव्यक्ति की आजादी से जोड़ा गया लेकिन जब कार्यकारी निदेशक के कार्यालय से दबाव बना तो इसको छात्रों की उत्साह में की गई गलती बताकर मामले को रफा दफा करने की कोशिशें हुईं। किसी पर भी कोई कार्रवाई हुई हो ये पता नहीं चल पाया। नई दिल्ली के बहावलपुर हाउस में चलनेवाला राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नाट्य प्रशिक्षण देता है। नाट्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में इस संस्थथा की देश-विदेश में बहुत प्रतिष्ठा है। इन दिनों ये संस्था अपनी इस प्रतिष्ठा को बचाने के लिए संघर्षरत है। आए दिन इसके कैंपस में हाय-हाय के नारे गूंजते हैं। इस संस्था के




अध्यक्ष प्रख्यात अभिनेता और पूर्व सांसद परेश रावल हैं। परेश रावल को 2020 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की कमान सौंपी गई थी। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि संस्थान के अध्यक्ष का पद करीब तीन साल तक खाली रहा था। परेश रावल के पहले रतन थिएम 2017 में पदमुक्त हो चुके थे। संस्थान में 2018 के बाद से कोई नियमित निदेशक भी नहीं है। ज्यादतर प्रशासनिक कार्य तदर्थ आधार पर हो रहे हैं। इस संस्थान में सरकार ने दो बार निदेशक नियुक्त करने की प्रक्रिया आरंभ की लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। पहली बार जब निदेशक नियुक्ति की प्रक्रिया आरंभ तो अज्ञात कारणों से नियुक्ति अटक गई। जब परेश रावल अध्यक्ष बने तो उन्होंने दुबारा प्रक्रिया आरंभ की, साक्षात्कार आदि संपनन्न हुआ और सफल अभ्याथिर्यों का पैनल बनाकर संस्कृति मंत्रालय भेज दिया गया। इस बीच पहली सूची में चयनित पैनल का एक व्यक्ति अदालत चला गया और मामला लंबा उलझ गया। अदालत से केस के निस्तारण के भी कुछ महीने बीत चुके हैं लेकिन निदेशक की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इतने महत्वपूर्ण संस्थान में निदेशक के नहीं होने और करीब तीन वर्ष तक अध्यक्ष नहीं होने की वजह से वहां व्यवस्था लड़खड़ा गई। प्रशासनिक भी और अकादमिक भी। जब व्यवस्था लड़खड़ाती है तो अराजकता का जन्म होता है। वहां भी हुआ। ईकोसिस्टम मजबूत हुआ। इस तरह के नाटकों पर काम होने लगा जो अपने समाज की सही तस्वीर पेश नहीं करता है। आपत्तिजनक भी है। कोई देखनेवाला नहीं है और ईकोसिट्म मजबूत है तो इस तरह के काम निर्बाध गति से चलते भी रहते हैं। स्टूडेंट प्रोडक्शन के नाम पर जिन नाटकों को तैयार करवाया जाता है उसको लेकर कोई नियम नहीं होने की वजह से फूहड़ नाटकों के प्रदर्शन को बढ़ावा मिलता है। किसी भी संस्थान का पाठ्यक्रम निर्धारित होता है, यहां भी है लेकिन स्टूडेंट प्रोडक्शन का एक ऐसा रास्ता है जिसका कोई पाठ्यक्रम या नाटकों की कोई सूची निर्धारित नहीं है। जो भी निर्देशक या शिक्षक पढ़ाने आएगा वो अपनी मर्जी के नाटक का चयन करेगा। अगर नाटक की स्क्रिप्ट है तब तो उसका पता संस्थान के अन्य विभाग को लग सकता है लेकिन अगर नाटक इंप्रोवाइज्ड है तो उसका पता प्रोडक्शन के बहुत करीब आने पर ही चलता है। इसकी आड़ में ही मनमाने नाटकों का प्रदर्शन होता रहता है। कई बार राजनीतिक एजेंडे वाले नाटकों का भी प्रोडक्शन होता है तो कई बार यौन उनमुक्तता को विषय बनाकर समाज की भद्दी छवि पेश की जाती है। विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम पार्टियां अपने पक्ष में मतदान करने की बात कर रही हैं। वहीं चुनाव आयोग मत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जनता से अपील कर रहा है। इस बीच अधिवक्ताओं ने मतदान के अधिकार को लेकर आम जनता से सही उम्मीदवार को परखकर वोट देने की अपील की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि वोट करना हर एक व्यक्ति का अधिकार है। ऐसे में अपने मत का जरूर प्रयोग करना चाहिए। जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्री आफिस के सामने चैंबर में अधिवक्ताओं ने खुद मतदान करने के साथ दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। विकास व सुशासन को लेकर अधिवक्ता पंकज कुमार सिंह, रोहित सिंह, गोविद शुक्ला, बालेंद्र बहादुर सिंह, सत्यनारायण सिंह, सुशील यादव, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रभूषण सिंह, आकाश प्रताप सिंह, संजय कुमार सिंह, पुष्पराज द्विवेदी, विनय कुमार सिंह ने चुनावी चर्चा भी की। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में आम जनता की महत्वपूर्ण भागीदारी को लेकर अधिवक्ताओं ने सभी से वोट करने की अपील की। कहा कि मतदान करते समय ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जो जनता के हित के बारे में सोचे और विधानसभा में जनता की बातों को रख सके। जनता का प्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो एक मजबूत व निष्पक्ष सरकार का निर्माण करे और राज्य हित के बारे में सोचे। किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर अपने मत का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जिसकी छवि समाज में स्वच्छ और अच्छे आचरण का हो। निष्पक्ष भाव से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि एक वोट से ही देश के भविष्य का निर्माण होता है। ऐसे में अपने बहुमूल्य वोट का अवश्य प्रयोग करना चाहिए।बताया जाता है कि इस महीने के आरंभ में इस तरह के एक नाटक का प्रदर्शन वहां हुआ। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री का आपत्तिजनक चित्र भी राजनीतिक एजेंडे वाले एक नाटक की तैयारी के दौरान ही बनाया गया बताते हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय संस्कृति मंत्रालय के अधीन है और भारत सरकार से वित्त पोषित है। जब परेश रावल को वहां का अध्यक्ष बनाया गया था तो उम्मीद जगी थी कि नाट्य विद्यालय की प्रतिष्ठा वापस लौटेगी। परेश रावल ने अपने कार्यकाल के आरंभिक दिनों में इसके लिए प्रयास भी किए थे। उत्साह में देशभर में नाट्य प्रदशनों को लेकर बडी बड़ी बातें की थीं लेकिन ईकोसिस्टम ने उनके कुछ नया करने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अब तो वो संस्थान में यथास्थितिवाद को बनाए रखने के लिए ही संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। ईकोसिट्म ने अध्यक्ष के एक सहयोगी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उसको हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। अध्यक्ष के सहयोगी का दोष इतना है कि उसने पूर्व में हुई गड़बडियों को सामने लाने का काम आरंभ किया है। ईकोसिस्टम को ये मंजूर नहीं है। ईकोसिट्म को न तो छात्रों की परवाह है ना ही विद्यालय की प्रतिष्ठा की। ईकोसिस्टम में तो वहां ऐसे सदस्य भी हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि वो कम्युनिस्ट पार्टी के भी सक्रिय सदस्य हैं और पार्टी की इंटरनेट पर चलनेवाली गतिविधियों को संचालित भी करते हैं। अर्जुन देव चारण सालों से संस्थान के उपाध्यक्ष के पद पर बने हुए हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की हालत का अंदाज इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वहां की वेबसाइटट तक अपडेट नहीं हो रही है। आवश्यकता इस बात की है कि संस्कृति मंत्रालय में उच्चतम स्तर पर इस संस्थान पर ध्यान दिया जाए। यहां नियमित निदेशक की नियुक्ति की जाए ताकि प्रशासनिक कार्य पटरी पर आ सके। मंत्रालय एक शार्टकट निकालता है कि निदेशक की नियुक्ति होने तक मंत्रालय के किसी अफसर को संस्थान का प्रभार दे दिया जाए। यह स्थायी समाधान नहीं है। आवश्यक नहीं कि जिस अधिकारी को नाट्य विद्यालय का प्रभार दिया जाए उसकी रुचि इस विधा या कला में हो। हमारे सामने ललित कला अकादमी और संगीत नाटक अकादमी का उदाहरण है जहां अधिकारी इन संस्थाओं को चला रहे हैं। ये दोनों संस्थाएं कैसे चल रही हैं इस बारे में कई बार इस स्तंभ में लिखा जा चुका है, उसको दोहराने का कोई लाभ नहीं। जरूरत इस बात की भी है कि इस संस्थान के पाठ्यक्रम को अद्यतन किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाना आवश्यक है। संस्थान के अध्यक्ष परेश रावल को भी सामने आकर नेतृत्व करना होगा। उनको भी ये समझना होगा कि अभिनय और इससे जुड़ी विधाओं में उनके अनुभव का विपुल लाभ किस तरह से छात्रों को और संस्थान को मिले। ईकोसिस्टम को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका




है कि उसके सामने उनसे बड़ी लकीर खींच दी जाए। कोसने का वक्त निकल चुका है, अब कर दिखाने का समय है। संस्कृति मंत्रालय में इस वक्त योग्य मंत्रियों की टीम है और उम्मीद की जानी चाहिए कि ये टीम ईकोसिस्टम के दुष्प्रभावों को कम करने या खत्म करने के क्षेत्र में सक्रिय होंगे।

# केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, ८० प्रतिशत जिलों में मनरेगा लोकपाल नियुक्त नहीं किए तो नहीं मिलेगा फंड

केंद्र सरकार अगले वित्त वर्ष से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए उन राज्यों को धनराशि (फंड) नहीं देगी जिनके योजना के निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप व दादरा नगर हवेली में मनरेगा के लिए एक भी लोकपाल नियुक्त नहीं है।इसी तरह ऐसे भी राज्य हैं जहां कुछ ही जिलों में मनरेगा लोकपाल




अमल वाले 80 प्रतिशत जिलों में मनरेगा लोकपाल नियुक्त नहीं हैं। नाथ सिन्हा ने रविवार को यह केंद्रीय ग्रामीण भाजपा शासित गुजरात, अरुणाचल प्रदेश एवं गोवा; तेदेपा शासित तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेशों पुडुचेरी, अंडमान एवं की नियुक्ति की गई है। इनमें कांग्रेस शासित राजस्थान के 33 जिलों में से सिर्फ चार में लोकपाल नियुक्त हैं। तृणमूल कांग्रेस शासित बंगाल के भी योजना के अमल वाले 23 जिलों में से सिर्फ चार में लोकपाल नियुक्त किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में बंद के दौरान छिटपुट घटनाएं, भाजपा समर्थकों ने कई जगहों पर रोकीं ट्रेनें निकाला जुलूस, पुलिस से हाथापाई

**कोलकाता।** नगरपालिकाओं के चुनाव में हुई हिंसा के विरोध में भाजपा की ओर से आज बुलाए गए 12 घंटे के बंगाल बंद के दौरान छिटपुट घटनाएं देखी जा रही हैं। मतदान के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से जमकर हिंसा की खबरें हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने निकाय चुनावों में कथित धांधली और हिंसा के खिलाफ आज सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। कई जगहों पर भाजपा व तृणमूल कांग्रेस समर्थक आपस में भिड़ गए। कुछ जगहों पर ट्रेनें रोकी गईं। बंद के समर्थन में भाजपा की तरफ से जुलूस निकाला जा रहा है। कुछ जगहों पर जबरन दुकान-बाजार बंद कराने की कोशिश की गई। पुलिस ने इन मामलों में कई भाजपा समर्थकों को हिरासत में लिया है। हुगली में भाजपा समर्थकों ने ट्रेनें रोकी। वहीं, बालुरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजुमदार के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया। राज्य के निकाय चुनावों में कथित हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। वहीं, भाजपा के सुकांत मजूमदार ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे, उनकी पिटाई की जा रही है। पुलिस टीएमसी के लिए कैडर की भूमिका निभा रही है, यह लोकतंत्र के खिलाफ है। आसनसोल में भी भाजपा समर्थकों ने जुलूस निकाला। कोलकाता में बंद का अब तक खास असर देखने को नहीं मिला है। हाजरा मोड़ पर भाजपा समर्थकों ने प्रदर्शन किया हालांकि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# नोएडा का मास्टर प्लान हुआ तैयार, देखें कि प्राधिकरण ने क्या क्या बदलाव करवाए हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** प्राधिकरण ने बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर के लगभग 80 गांवों को नए नोएडा में बसाने की तैयारी को और तेज़ कर दिया है। प्राधिकरण द्वारा नए नोएडा को बसाने की तैयारी की जा रही है। उम्मीद है कि नए नोएडा का यह प्रोजेक्ट 2031 तक बनकर के तैयार हो जाएगा। अभी बस की जिम्मेदारी दी गई है, उसने पहले ही एक रिपोर्ट प्राधिकरण को प्रदान कर दी है। हालांकि अभी उस रिपोर्ट में कुछ बदलाव किए जाने बाकी है। उम्मीद यह है कि यह कंपनी एक महीने के भीतर नई रिपोर्ट को प्राधिकरण को सौंप देगा।210 वर्ग किमी जमीन पर बसने वाला है 80 गांवों का नया नोएडा;-देश की अर्थव्यवस्था को अगर मजबूती प्रदान करनी है तो देश के आर्थिक विकास के इसमें 60 गांव शामिल हैं। कुल मिलाकर ये 80 गांव हैं और इन्हीं को लेकर एक नया नोएडा बनाया जाएगा। किसानों को मिलेगा लैंडपूलिंग का भी लाभ; इस नए नोएडा को बनाने के लिए जमीन की ज़रुरत भी होगी और इसके लिए लैंडपूलिंग के जरिए जमीन ली जाएगी। इस योजना के अंतर्गत किसानों को भी भागीदारी प्रदान की जाने वाली है। जिस तरह से



इसका मास्टर प्लान लाने की तैयारी है नोएडा का ये जो मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, ये स्कूल ऑफ प्लानिग एंड आर्किटेक्चर कंपनी (एसपीए) के द्वारा तैयार किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण ने यह ज़िम्मेदारी कंपनी को सौंपी है। जब यह कंपनी मास्टर प्लान को पेश करेगी उसी के बाद प्राधिकरण इस मास्टर प्लान को शासन के सामने और एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की मीटिंग में प्रस्तुत करेगा।तैयारी;नए नोएडा को बसाने की तैयारी बहुत तेजी से चल रही है। इसको 4 फेज में बनाया जाएगा। इसके लिए जिस कंपनी को मास्टर प्लान बनाने पर बल देना ही होगा। इसी दिशा में काम करते हुए देश में दो इंडस्ट्रियल फ्राइट कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। पहला कॉरिडोर दिल्ली से मुंबई के बीच का है। ये कॉरिडोर ग्रेटर नोएडा के दादरी से शुरू होगा और मुंबई के जवाहर लाल एयरपोर्ट पर जाकर खत्म होगा। इसकी लंबाई 1,500 किमी है। वहीं जो दूसरा कॉरिडोर है वो कोलकाता से अमृतसर के बीच बनाया जा रहा है। ये 1,839 किमी लंबा है। इन दोनों कॉरिडोर की खास बात यह है कि इनके बीच में गौतमबुद्ध नगर के दादरी तहसील के करीब 20 गांव आते हैं। वहीं बुलंदशहर जिले नवी मुंबई को भी लैंड पूलिंग के तहत विकसित किया गया है। ठीक उसी मॉडल की तरह ही नए नोएडा को भी बनाया जाएगा। कनेक्टिविटी और फैसिलिटी का भी होगा खास ध्यान;- यह नया हिस्सा गुड़गांव और फरीदाबाद के करीब आ गया है। ऐसा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की वजह से हुआ है। इससे इसको बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसके अलावा यहां पर गोल्फकोर्स, बायोडाइवर्सिटी पार्क, वेटलैंड, हेलीपोर्ट आदि भी बनाया जाएगा। इसको शहर के फेफड़े की संज्ञा दी गई है। प्राधिकरण ने क्या क्या बदलाव करायें है ।

# राष्ट्रीय हरित अधिकरण का हो पालन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली एवं जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0वाई0 के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी खनन गौतम बुद्ध नगर ने समस्त ईट भट्ठा स्वामियों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ग्रैप के अंतर्गत जनपद गौतम बुद्ध नगर में ईट भट्ठों का संचालन नहीं किया जाना है तथा उत्तर प्रदेश उपखनिज(परिहार) नियमावली 2021 के अंतर्गत बिना अनुमति ईट पथाई कार्य भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्त ईट भट्ठा स्वामी मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेशों का अक्षरक्ष अनुपालन सुनिश्चित करें।यदि जनपद में किसी भी ईट भटठा स्वामी द्वारा मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, शासन के आदेशों एवं उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिपोट दर्ज किया जायेगा।

# बिहार सरकार के बजट में नौकरी और रोजगार पर रहेगा जोर, कें से मिलने वाला है बड़ा फंड

**पटना।** बिहार सरकार आज विधानमंडल में वर्ष 2022-23 के लिए अपना वार्षिक बजट पेश करेगी। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट पेश करेंगे। इसका आकार पिछले बजट से थोड़ा बड़ा होगा। पिछला बजट दो लाख 18 हजार करोड़ रुपये का था। अगले वित्त वर्ष का बजट आकार दो लाख 30 हजार करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। योजना और गैर-योजना यानी दोनों मदों में वृद्धि होगी। चालू वित्तीय वर्ष में योजना मद में एक लाख करोड़ रुपये के खर्च का प्रविधान था। इसके बढे की संभावना है। संभव है कि बजट में रोजगार के अवसर सृजित करने और आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाले उपायों पर पहले की तुलना में अधिक धन खर्च के उपाय किए जाएं। आकार बढे की एक संभावना इसलिए भी है कि अर्थव्यवस्था में आ रही मजबूती के बाद केंद्रीय करों में राज्यों की भागीदारी मद से पहले की तुलना में अधिक राशि मिलेगी। एक फरवरी को पेश केंद्रीय बजट के अध्ययन के बाद उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने केंद्रीय करों में अधिक राशि मिलने की उम्मीद जाहिर की थी। चालू वित्त में केंद्रीय करों में हिस्सा और सहायता अनुदान मद में एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये की प्राप्ति का अनुमान किया गया था।

# घर्मेश घई के नेतृत्व मे नर्मदा आमंत्रण संकल्प यात्रा अमरकंट पहुंची नर्मदा का पवित्र जल मैहर लाने में सरकार रही नकाम घर्मेश नमामि देवी नर्मदे नमामि देवी शारदे के जयघोष से मैहर होगा गौरवान्वित -घर्मेश नर्मदा तट पर खड़े होकर मैहर वासियों ने नर्मदा जल मैहर में लाने का लिया संकल्प......................

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनेश यादव**

**मैहर ।** बरगी नहर के शीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धर्मेश घई ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। जिस संबंध में सरकार की कोई निर्णायक पहल नजर नहीं आई जिससे व्यथित हो कर मैहर में मां नर्मदा का पवित्र जल लाने हेतु जन जागरण अभियान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धर्मेश घई द्वारा प्रारंभ किया गया जिसमे 50 सदस्यी दल तीन दिवसीय यात्रा में अमरकंटक पहुंचा और वहां पर मां नर्मदा के उद्गम स्थल में सभी सदस्यों ने मां नर्मदा से मैहर धाम मां शारदा नगरी में अपनी पवित्र जलधारा अविरल प्रवाहित होने के लिये आमंत्रित किया एवं मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार को मां सद्बुद्धि दे बरगी नहर में रुके हुए कार्यों में उत्पन्न हो रही बाधा समाप्त हो सरकार इसके लिए सक्षम प्रयास करें अथवा मौजूदा अन्य विकल्पों पर तत्काल निर्णय लेकर नर्मदा का पवित्र जल मैहर मां शारदा धाम पहुंचे इसके लिए प्रयास करें ऐसी प्रार्थना मां नर्मदा से नर्मदा आमंत्रण संकल्प यात्रा के यात्रियों ने किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि सतना जिले में बरगी नहर के माध्यम से पानी लाए जाने की योजना कार्यरत है। इस योजना से विंध्य क्षेत्र के सतना व रीवा को पानी मिलेगा। जिससे क्षेत्र की भूमि सिंचित होगी व खेती को लाभ मिलेगा। लगभग 25 वर्ष पुरानी इस योजना का लाभ अभी तक सतना को नहीं मिल सका है। बरगी नहर को स्लीमनाबाद से आगे टनल के माध्यस से आगे बढ़ाएं जाने का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इस कार्य को शीघ्रता से कराएं जाने की आवश्यकता है। इंटर स्टेट



रिवर वाटर डिस्पयूट एक्ट 1956 की धारा-6 के अंतर्गत नर्मदा नदी के जल के निर्धारण के लिए नर्मदा ट्रिव्यूनल बनाया गया था। जिसके अंतिम आदेश के गजट प्रकाशन दिनांक-12 दिसंबर 1979 से 45 वर्षो अर्थात 31 दिसंबर 2024 तक मध्यप्रदेश के लिए निर्धारित जल का यदि उपयोग नहीं किया जाता तो वह जल अन्य राज्यों को वितरित कर दिया जाएगा। नर्मदा ट्रिव्यूनल के आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश को 18.25 एमएएफ पानी दिया जाएगा, गुजरात को 9.0 एमएएफ, राजस्थान को 0.50 एमएएफ और महाराष्ट्र को 0.25 एमएएफ पानी दिया जाएगा। 2024 के बाद यदि बरगी टनल बनती भी है तो उससे पानी विंध्य के सतना, रीवा को नहीं मिल पाएगा। क्योंकि मध्यप्रदेश के निर्धारित पानी के बटवारा होने तक जितना पानी मध्यप्रदेश उपयोग करेगा उतना ही पानी मिल सकेगा। इन परिस्थितयों में स्लीमनाबाद में जो टनल बनाई जा रही है इसके लिए प्रस्तावित टनल को कट एवं कवर स्वरूप मंजूर कर अर्जेंट टेंडर प्रक्रिया अपनाकर शीघ्रता से नहर का निर्माण कराया जाए। साथियोंजिससे की मध्यप्रदेश के लिए निर्धारित पानी का पूरा उपयोग हो सके अन्यथा सतना एवं रीवा इस पानी के लाभ से वंचित हो जाएगा। श्री घई ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से बरगी नहर का निर्माण शीघ्र कराए जाने की मांग की है। श्री घई ने कहा की विंध्य की धरती पर नर्मदा का पानी लाकर इसे 'पंजाब बनाने का सपना दिखाकर प्रदेश की भाजपा सरकार ने सतना के किसानों को एवं धार्मिक आस्था पर विश्वास करने वालों श्रद्धालु भक्तजनों को सालो तक ठगा तत्कालीन सरकार के मंत्रीयो ने तमाम दावे किए थे जो असफल रहे इस नर्मदा आमंत्रण यात्रा के माध्यम से वर्तमान शिवराज सिंह सरकार को आईना दिखाने की कोशिश है की अभी भी समय है जो शासन की अमूल्य निधि बरगी नहर बनाने में खर्च हुई है उसका मूल्यांकन होना चाहिए एवं उसी सार्थकता जब ही सिध्द होगी जब मैहर माता शारदा नगरी में नर्मदा जी का पवित्र जल प्रवाहित होकर इस भूमि को धन्य करेगा हम सभी प्रदेश सरकार को याद दिलाने आए हैं की मां शारदा की नगरी मैहर में हरिद्वार की तर्ज पर हर की पौड़ी जैसा विकास मैहर मां शारदा की नगरी में किए जाने का वादा भाजपा सरकार द्वारा किया गया था और यह सब काम 10 साल में हो जाना था जो आज तक प्रतीक्षित है हम सभी साथियों ने मां नर्मदा को अमरकंटक आ कर उनके दर्शन उपरांत मां नर्मदा मैया से प्रार्थना करते हुये पवित्र नगरी मैहर में नमामि देवी नर्मदे नमामि देवी शारदे के सयुंक्त जयघोष के लिये आमंत्रित करने आए हैं मां अपनी पवित्र जलधारा से मैहर मां शारदा की नगरी में भी प्रवाहित हो और जो रुके हुए कार्य है प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि दे की वे कार्य पूरा हो सके

# सरस आजीविका मेले में आकर्षण का केंद्र बना फूड कोर्ट

## एक छत के नीचे मिला देश के 18 प्रदेशों का स्वाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** सरस आजीविका मेले में रविवार को भारी भीड़ उमड़ी। छुट्टी के दिन लोगों ने परिवार के साथ मेले का आनंद लिया। एक और जहां विभिन्न प्रदेशों के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे वहीं दूसरी ओर फूड कोर्ट मै भी लोगों ने विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों का स्वाद चखा। विशेष तौर से पंजाब हरियाणा राजस्थान के व्यंजनों पर लोगों की भीड़ लगी रही। केरल कोच्चि का जूस कॉर्नर यह ट्रांसजेंडर गरुप का केरला कोच्चि का जूस कॉर्नर प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस जूस कॉर्नर में विभिन्न प्रकार के फल व हर्बल जूस उपलब्ध हैं साथ ही इस ग्रुप को चलाने वाले समूह मै सभी ट्रांसजेंडर है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रयास व सहयोग और केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ट्रांसजेंडर गयप ने सभी सदस्यों को स्वावलंबी बनाने में सहयोग दिया है 4 वर्षो से कोच्चि कलेक्ट्रेट मे भी एक जूस कॉर्नर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। यहां 60 प्रकार के जूस उपलब्ध यह। सरस आजीविका मेले में व्यंजनों के साथ फूड कोर्ट में केरला कोच्चि जूस कॉर्नर लोगों की पहली पसंद बना हुआ है वही अरुणाचल प्रदेश की बंबू बांस खिचड़ी को भी लोगों ने खासा पसंद किया इस साल, यह आयोजन 100 से अधिक खाद्य सेवा महिला उद्यमियों को एक साथ लाया है,



जो 18 राज्यों के हैं, जो जनता के लिए स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी पारंपरिक खाद्य संस्कृति को साझा कर रहे हैं। सबसे अधिक ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली ये महिला समूह पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं जिन्होंने आजीविका इंडिया फूड कोट इंडिया ऑन योर प्लेट के नारे को और अधिक अर्थ देते हुए कार्यक्रम में भाग लेने में रुचि और उत्साह दिखाया है। कोविड 19 महामारी अधिकांश उद्यमों के लिए एक चुनौतीपूर्ण अवधि साबित हुई है और यह मंच राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। इस आयोजन में भारी भीड़ को आकर्षित करने की उम्मीद है क्योंकि यह देश के कुछ सबसे लोकप्रिय व्यंजन परोस। गोल गप्पे जैसे स्ट्रीट पसंदीदा से, विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों जैसे लिट्टी चोखा मखाना खीर, जलेबी रबड़ी (बिहार), मोमोज, वाचिपा (सिक्किम) चिकन मटका बिरयानी, बांस चिकन, स्थानीय व्यंजन चिकन चंपाई, खोमो टोंगटेप, स्मोक्ड चिकन और मछली (अरुणाचल प्रदेश) बिरयानी, पोथेरेकुलु और सुनन्दालु (आंध्र प्रदेश) हैदराबादी दम बिरयानी (तेलंगाना) जैसी मिठाइयाँ, मशरूम पिठा और मशरूम कुकीज जैसे नए फ्यूजन व्यंजन के साथ-साथ मशरूम करी (असम), बांस चावल, मक्के के साथ स्टीम्ड स्टिकी चावल दी रोटी और सरसों का साग (पंजाब) और जातीय व्यंजन जैसे थालास्सेरी हनी ग्रेप जूस, नरी मिल्क सर्बेट, मालाबार स्पेशल चट्टीपठारी, मुट्टासुरका, थाटिलकुट्टी डोसा, कप्पा और फिश करी, चिकन मंडी (केरल) और चौसेला और अन्नाज जलेबी (छ.ग.) मलाई और वापा इलिश, वेतकी पाथूरी (पश्चिम बंगाल) अरसा सावचियार, हमार बाई, चाव सतुई लेह (मिजोरम) क्लासिक्स जैसे आलू पराठा, वेज थाली, आलू टिक्की समोसा, गुलाब जामुन , छोले भटूरे (उत्तर प्रदेश) दाल बाटी चूरमा, केर सांगरी की सब्जी, प्याज कचौरी, मूंग दाल का हलवा (राजस्थान) नीरडोसा, केले के साथ शाविगे रसायन, मैसूर मसाला डोसा, (कर्नाटक) मछली, चिकन और मटन थाली और सोल कडी (महाराष्ट्र) ) सत्रह दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पुली पीठी, पार्टी शप्त, मूंग दाल का पुली, मल पुआ (त्रिपुरा) परोसा जा रहा है।

# ब्लॉक कांग्रेस ब्योहारी घर चलो अभियान के तहत आमजन मानस से हो रही रूबरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**ब्योहारी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के अध्यक्ष श्री कमलनाथ के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष श्री आजाद बहादुर सिंह के आवाहन पर संगठन प्रभारी श्री राजेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी द्वारा 1 फरवरी से चलाए जा रहे घर चलो घर घर चलो अभियान के अंतर्गत 22वे दिन रविवार को ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के 5 गांवों ग्राम चरका भोलहरा टांघर व बोकरा बोकरी के हर पोलिंग बूथ पर जाकर ग्रामीण जनों से संवाद कर गांवों में व्याप्त समास्याओं को जाना और तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया गया एवं भाजपा राज में व्याप्त कुशासन ने जनता के मन से प्रशासन के उपर के विस्वास को खत्म कर दिया है कोई भी हर व्यक्ति बस भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान व हताश है गरीब नौजवान दर दर की ठोकरें खा रहा है किसान आत्महत्या कर रहा है चारो तरफ भाजपा की कुनिती के शिकार बने



आमजन मानस में काफी निराशा है अभियान का नेतृत्व कर रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने जनता से डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा की नाकामी को जन जन तक पहुंचाया व ग्रामीण वासियों को कांग्रेस पार्टी का हाथ हर स्तर पर आमजन मानस के साथ है और उनके हक की लड़ाई लड़ने का कार्य कांग्रेस पार्टी जोर सोर से जारी रखेगी घर चलो घर घर चलो अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी द्वारा चालाए जा रहे सदस्यता अभियान व कमलनाथ जी के विशेष निर्देशानुसार गांवों की हर पोलिंग बूथ पर एक महिला व एक पुरूष को डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से जोड़कर सदस्यता दिलाई गई व 18 वर्षों के भाजपा कुशासन को उजागर करने हेतु व 15 महिनों की कमलनाथ सरकार के जन हितैषी कार्यों को जन जन तक पहुंचाने हेतु जारी पम्पलेट का वितरण घर घर हर गली नुक्कड़ चौराहे पर रैली निकाल कर किया गया अभियान के दौरान मुख्य रूप से यह रहे उपास्थित संगठन महामंत्री हरिशंकर कोरी रामकृष्ण कुशवाहा जिला युवा कांग्रेस महासचिव सतेन्द्र त्रिपाठी पिंटू महिला कांग्रेस अध्यक्ष जारीना खातुन रूना लैला मोदी सिंह गोंड कमला कोरी आईटीसेल अध्यक्ष आयुष ताम्रकार तोहीब मोहम्मद सुरैश प्रसाद अंगद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण महिलाएं युवा किसान उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने निर्माणाधीन पीएम आवासो का निरीक्षण कर कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**ब्योहारी।** शहडोल 27 फरवरी 2022 - मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशु चंद्र ने शनिवार को जनपद पंचायत ब्यौहारी के कुआं सहित अन्य ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन पीएम आवासों का निरीक्षण कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से पीएम आवास हेतु दी जा रही राशि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र



व्यक्तियों को पीएम आवास योजना का लाभ चिन्हित कर दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन आवासों के कार्यों में प्रगति लाना भी सुनिश्चित करें तथा लंबित आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्र ने स्व सहायता समूह, मनरेगा , स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य कार्यो की भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी श्री पी सातपुते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्योहारी श्री संजीव तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं सचिव उपस्थित रहे।

# सरस आजीविका मेले का हुआ उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि गांवों तथा छोटे कस्बों से रिश्ता जोड़े बिना हम पूरी तरीके से आत्म निर्भर भारत की कल्पना नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत के लिए पुरजोर आवाहन कर रहे हैं । सरस आजीविका मेला उसी अभियान की एक सकारात्मक पहल है। श्री सिन्हा नोएडा हॉट में आजीविका सरस मेले का विधिवत उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि सरस आजीविका मेला ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 8 करोड़



महिलाओं का एक प्लेटफार्म है जहां पर उन्हें अपने उत्पाद बेचने की मार्केटिंग प्रिंटिंग पैकेजिंग तथा सोशल मीडिया की जानकारी उपलब्ध होती है।उन्होंने कहा कि हुनर के साथ-साथ मार्केटिंग का भी होना बहुत जरूरी है। इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता महिला समूह के 160 स्टाल लगाए गए हैं। जहां पर महिलाओं के लिए मार्केटिंग कम्युनिकेशन सोशल मीडिया ब्रांडिंग पैकेजिंग आदि की कार्यशाला भी आयोजित की जाएंगी उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने 3 वर्षो में ढाई करोड़ महिलाओं को इस सरस आजीविका से जोड़ने का लक्ष्य रखा है तथा वर्ष 2030 तक हर बहन की आय 1 लाख तक अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है। सरस आजीविका मेला 25 फरवरी से शुरू हुआ है जो 13 मार्च तक चलेगा। इस मेले में विभिन्न प्रकार के हैं डीक्राफ्ट ज्वेलरी के अलावा कई गई है इस मेले में 160 स्टाल लगाए गए हैं इसके पूर्व ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने विधिवत फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्रालय के संयुक्त सचिव चरणजीत सिंह संयुक्त सचिव डॉ विश्वजीत बनर्जी संयुक्त सचिव नीता केजरीवाल गया प्रसाद निदेशक आरपी सिंहा उपसचिव एच आर मीणा समेत कई अधिकारी मौजूद थे

# कंगना रनोट के 'लॉक अप' में कैद हुए चार कंटेस्टेंट्स, जानें कौन हैं ये कॉन्ट्रोवर्शियल सेलिब्रिटीज

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट का अपकमिंग रियलिटी शो 'लॉक अप' अपने अलग कॉन्सेप्ट के लिए खूब सुर्खिया बटोर रहा है। कंगना के इस शो में फिल्म व टीवी के कई कॉन्ट्रोवर्शियल हस्तियों के शामिल होने की खबरें है और एक-एक कर इन सबके नाम भी सामने आने लगे हैं। शो ने अब तक अभिनेत्री निशा रावल, कॉमेडियन मुन्नवर




फारुखी और पूनम पांडे के नाम का खुलासा किया है। इस कड़ी में अब 'लॉक अप' में चौथे कंटेस्टेंट्स की भी एंट्री हो गई है। जो कि इंडियन वीमेन रेसलर बबीता फोगाट हैं। आज हम आपको चारों कंटेस्टेंट की लाइफ से जुड़ी कॉन्ट्रोवर्सी के बारे में बताएंगे। बबीता फोगाट ने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का सर सम्मान से ऊंचा किया था। इसके अलावा उन्होंने 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स, 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल और 2012 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ब्रोंज मैडल भी जीता। उनके जीवन पर आधारित ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दंगल' भी बन चुकी है। जिसने उनको लाखों लोगों के लिए एक आइकन बना दिया। बबीता ने साल 2019 में राजनीति में कदम रखा और अब वह पॉलिटिकली भी एक्टिव हैं। मुनव्वर फारुकी इंदौर के एक स्टैंडअप कॉमेडियन, राइटर और रैपर हैं। मुनव्वर को हिंदू देवी-देवताओं और अपने पॉलिटिकल जोक्स के लिए जेल ही हवा खानी पड़ी थी। इतना ही नहीं जेल से छूटने के बाद मुनव्वर फारुकी के लगभग 12 शोज भी कैंसल हो गए थे। इसके बाद कॉमेडियन ने यह तक कह दिया था कि वह कॉमेडी छोड़ देंगे। पूनम पांडे अब तक की सबसे विवादित मॉडल-ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। अपनी बोल्ड तस्वीरों और विवादित बयानों के चलते एक्ट्रेस ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। पूनम साल 2011 में क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने पर न्यूड होने की बात कह कर सबसे ज्यादा चर्चा में आई थी निशा रावल पिछले साल अपने पति करण मेहरा के खिलाफ घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे। जिसके बाद वह काफी चर्चा में रही थीं। दस साल की शादी को तोड़ते हुए निशा ने करण पर डोमेस्टिक वायलेंस और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक के आरोप लगाए थे। 'लॉक अप' के अब तक के प्रोमोज से शो में हर एक फील्ड से कंटेस्टेंट्स के शामिल होने की उम्मीदें हैं। खासतौर से वो लोग जो विवादों के चलते सुर्खियों में रहे हैं। कंगना रनौत के इस शो को एकता कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं। शो में 16 सदस्य होंगे और इन सदस्यों को 72 दिन कैद में रहना होगा। शो को दर्शक फ्री में एमएक्स प्लेयर और अल्ट बालाजी पर 27 फरवरी से देख पाएंगे।

# सितारों से सजा कुछ यूं रहा शाहिद कपूर का बर्थडे बैश, मीरा राजपूत

**नई दिल्ली।** बीते शुक्रवार को एक्टर शाहिद कपूर ने अपना 41वां बर्थडे मनाया। उनके बर्थडे बैश में बॉलीवुड के कई बड़े चेहरों ने शिरकत कर पार्टी की रौनक बढ़ाई। जिसकी तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर खूब हलचल मचाई। अब उनकी पतनी मीरा राजपूत ने भी हैसबेंड की सितारों से सजी इस बर्थडे पार्टी



की कई अनदेखी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। शाहिद के बर्थडे में उनके भाई ईशान खट्टर और उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेड अन्नया पांडे, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, कुणाल खेमू और जर्सी के निर्देशक अमन गिल भी शामिल हुए। मीरा राजपूत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस सभी संग एंजॉय करते हुए कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं। वहीं एक तस्वीर में शाहिद अपने छोटे भाई ईशान खट्टर के साथ मस्ती के मूड में नजर आए। दोनों भाइयों ने मजाकिया अंदाज में फोटो क्लिक करवाई। एक्टर कुणाल खेमू ने शाहिद के लिए इस्टाग्राम पर एक बर्थडे नोट भी लिख कर उन्हें विश किया। कुणाल ने लिखा, 'कई और बातचीत, बाइक राइड्स और ढेर सारी हंसी के लिए हैप्पी बर्थडे। बिग हग ब्रदर। वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहिद कपूर की फिल्म 'जर्सी' जल्द ही रिलीज होने वाली है। 'जर्सी' में शाहिद मृणाल ठाकुर और उनके पिता पंकज कपूर के साथ नजर आएंगे। यह फिल्म तमिल फिल्म 'जर्सी' की बॉलीवुड रीमेक है। स्पोर्ट्स ड्रामा 'जर्सी' बीते साल दिसंबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस के कारण रिलीज की डेट को आगे बड़ा दिया गया था। फिल्म अब इस साल 14 अप्रैल को रिलीज होगी। इसके अलावा शाहिद अपना डिजिटल डेब्यू करने की भी तैयारी कर रहे हैं। वहीं उनका एक और प्रोजेक्ट 'बुल' 2023 में रिलीज होगा। जिसका निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं।

# 'रामायण' के 'लक्ष्मण' ने शर्ट के बटन खोल कॉलर चढ़कार टपोरी स्टाइल में शेयर की ऐसी तस्वीर

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर के धार्मिक सीरियल 'रामारण' में लक्ष्मण का रोल एक्टर सुनील लहरी ने निभाया था। सुनील आज किसी पहचान के महोताज नहीं है। शो में लक्ष्मण का अहम रोल प्ले करके सुनील ने घर-घर में अपनी एक अलग छवि बनाई है। सुनील को आज भी दर्शकों के दिलों पर



राज करते हैं। सुनील इनदिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहते हैं। वह आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर फैंस से जुड़े रहते हैं। इसी बीच सुनील लहरी ने अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में एक्टर का बदला हुआ लुक देखकर फैंस हैरान नजर आ रहे हैं। 'रामारण' में लक्ष्मण यानी सुनील लहरी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम आकउंट पर अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है जो उनकी तीन फोटोज का एक कोलॉज है। इस तस्वीर मं वह टपोरी स्टाइल में नजर आ रहे हैं। फोटो में आप देख सकते हैं कि सुनील ने ब्लू डेनिम जींस के साथ ब्लैक कलर की टीशर्ट पहनी हुई हैं। वहीं इसके साथ ही उन्होंने रेड करल की प्रिंटेड शर्ट कैरी की है जिसके बटन आगे से पूरे ओपन है। साथ ही शर्ट की कॉलर ऊपर की ओर चढ़ी हुई है। वहीं एक तस्वीर में सुनील ने काला चश्मा लगाया हुआ है। इस तस्वीर में उनके लुक काफी हद तक टपोरी स्टाइल नजर आ रहा है। सुनील लहरी ने तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, 'जीवन में स्टाइल और रवैया जरूरी है फिर फर्क नहीं पड़ता की आप कितना धीमा और तेज जा रहे हैं जब तक आप अपना लक्ष्य नहीं पा लेते।' इस फोटो को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं इस पर कमेंट कर लगातार फैंस अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'क्या बात है सुनील सर आप दिन पर दिन कमाल करते जा रहे हैं। आज तो अपने दिन ही बना दिया।' वहीं एक ने लिखा, 'ओ हो सर क्या बात है। हमेशा की तरह ही डैशिंग लग रहे हो आप।' तो एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'अरे वाह सर बोले तो एक दम राबचिक एंड झक्कास फोटो और प्यारी।' तो एक यूजर ने तस्वीर देख हैरानी जताते हुए लिखा, 'ये क्या रूप धारण कर लिया आपने प्रभु।

# 'गंगूबाई काठियावाड़ी' पर बदला कंगना रनोट का मिजाज, कहा- 'उम्मीद नहीं थी कि मूवी माफिया अच्छा करेंगे'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस कंगना रनोट अपने बेबाक अंदाज के लिए काफी चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर देश के समसामयिक मुद्दों और आने वाली फिल्मों पर अपनी राय व्यक्त करती रहती हैं। अब उन्होंने अपने



सोशल मीडिया हैंडल पर आलिया भट्ट की रिलीज हुई फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का बिना नाम लिए फिल्म का तारीफ करते हुए बोला उन्होंने सोचा नहीं था कि मूवी माफिया कुछ अच्छा काम करेंगे। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर लिखा, ये सुनकर खुशी हुई की साउथ की फिल्म इंडस्ट्री ने थिएटर्स को रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन के साथ फिर से जिंदा कर दिया है। हिंदी बेल्ट फिल्मों की ओर से भी छोटे-छोटे स्टेप उठाए जा रहे हैं। हाल ही में महिला केंद्रित फिल्म के साथ, जिसमें एक बड़ा हीरों और एक सुपर स्टार डायरेक्टर है। ये छोटे-छोटे कदम हो सकते हैं, लेकिन सिनेमाघरों के लिए महत्वहीन नहीं हैं। ये सभी कदमें उन सिनेमाघरों के लिए महत्वपूर्ण होंगे जो यहां वेंटिलेटर पर हैं। ये अच्छी बात है। अभिनेत्री ने आगे लिखा, कभी उम्मीद नहीं की थी कि फिल्म माफिया इस अवसर पर उठेंगे और कुछ अच्छा करेंगे। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम पूरी तरह उनकी तारीफ करते हैं और सर्वश्रेष्ट की आशा करते हैं। इससे पहले उन्होंने आलिया और गंगूबाई की आलोचना की थी। अभिनेत्री कहा, फ्राइडे को बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपए जलकर राख हो जाएंगे। पापा (मूवी माफिया डैडी) की परी जो ब्रिटिश पासपोर्ट रखती है। साबित करना चाहते हैं कि रॉम-कॉम बिम्बो काम कर सकता है सबसे बड़ी कमी फिल्म की कास्टिंग गलत है ये नहीं सुधरेंगे। ये कोई आश्चर्य नहीं है कि स्क्रीन दक्षिण और हॉलीवुड फिल्में में जा रही हैं। बॉलीवुड कयामत के लिए किस्मत में है। जब तक फिल्म माफिया के पास शक्ति है। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी ये फिल्म में एक्ट्रेस लीड माफिया क्वीन गंगूबाई का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में आलिया गंगूबाई को वैश्यावृति के काम में धकेलने से लेकर उनके राजनीतिक सफर को दर्शाती हैं।

# अजीत-हुमा कुरैशी की फिल्म ने पहले दिन रचा इतिहास सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** 24 फरवरी को सिनेमाघरों में पहुंची तमिल फिल्म वलिमै ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाया है। अगर ट्रेड एक्सपर्ट्स की मानें तो फिल्म ने तमिलनाडु में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग ली है। ओपनिंग डे की रेस में अजीत ने विजय और रजनीकांत जैसे सितारों को भी पीछे छोड़ दिया है। वलिमै में अजीत कुमार के साथ हुमा कुरैशी मुख्य स्टार कास्ट का हिस्सा हैं। इसके निर्माता बोनी कपूर हैं। फिल्म को लेकर फैंस के साथ ट्रेड में भी काफी उत्साह है। तमिल फिल्मों के एक्सपर्ट मनोबाला विजयबालन के मुताबिक वलिमै ने तमिलनाडु क्षेत्र में 36 करोड़ के आसपास ग्रॉस कलेक्शन पहले दिन किया है। यह रजनीकांत की फिल्म अननटे और 2.0 से भी अधिक है, जिन्होंने क्रमशः 34.92 करोड़ और 33.58 करोड़ की ओपनिंग ली थी। ट्रेड जानकारों के अनुसार, तमिलनाडु के अधिकतर शहरों से कमाई के पुराने रिकॉर्ड तोड़ने की सूचना आ रही है। यह कलेक्शंस तब हैं, जबकि फिल्म नॉन-हॉलीडे पर वर्किंग वीक में रिलीज हुई है। तमिल बॉक्स



ऑफिस की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 27 करोड़ का नेट कलेक्शन पहले दिन किया है। फिल्म के इस प्रदर्शन से सिनेमाघर मालिकों से लेकर वितरकों के चेहरे भी खिल गये हैं। कोरोना वायरस पैनडेमिक की चलते घुटनों पर आये फिल्म कारोबार को वलिमै से तगड़ा सपोर्ट मिलेगा। वलिमै एक हार्डकोर मसाला एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन एच विनोद ने किया है। यह एक ईमानदार पुलिस ऑफिसर की कहानी है, जो बाइक गैंग से लड़ रहा है। फिल्म तमिल के साथ हिंदी, तेलुगु, मलयायम और कनन्ड़ में भी रिलीज की गयी है। फिल्म को समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। वलिमै अजीत की भी सबसे बड़ी ओपनिंग बतायी जा रही है। उनकी सबसे सफल फिल्मों विश्वासम और विवेगम ने 17 करोड़ के आस-पास ओपनिंग ली थी। हालांकि, अभी हिंदी बेल्ट में कमाई के आंकड़े नहीं आये हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में देशभर में पहले दिन का ग्रॉस 76 करोड़ भी बताया जा है। हालांकि, हिंदी बेल्ट्स में फिल्म को आज से आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी का सामना करना पड़ेगा। संजय लीला भंसाली निर्देशत गंगूबाई काठियावाड़ी इस साल बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है और बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कलेक्शन की उम्मीद की जा रही है।

# इस एक्ट्रेस ने की हद, ऑटो में बैठकर खोल दिए शर्ट के सारे बटन, वीडियो हो रहा वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते 13 सालों दर्शकों के बीच छाया हुआ है। ये शो दर्शकों का लगातार मनोरंजन कर रहा है। ये शो टीआरपी लिस्ट में भी लगातार टॉप लिस्ट में रहता है। शो का हर किरदार अपने दामदार अभिनय की वजह से फैंस के बीच में काफी पसंद किया जाता है।



शो के कई ऐसे कलकार भी हैं जो अब इस शो का हिस्सा नहीं हैं लेकिन दर्शक आज भी उन्हें काफी पसंद करते हैं। एक ऐसी ही कलाकार थीं 'तारक मेहता में 'दीप्ति' का रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस आराधना शर्मा हैं। आराधना रियल लाइफ में काफी बोल्ड है। आराधना एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरें पोस्ट कर फैंस को सरप्राइज देते ही हैं। लेकिन इसी बीच उनका एक बेहद बोल्ड फोटोशूट चर्चा में बना हुआ है। यहां देखें तस्वीरें'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम 'दीप्ति' यानी एक्ट्रेस आराधना शर्मा ने अपने अधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट का वीडियो पोस्ट किया है। इस फोटोशूट में एक बार फिर से आराधना अपनी बोल्डनेस से फैंस को क्रेजी बना रहीं हैं। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि आराधना डेनिम की शर्ट और जींस के साथ ऑरेंज कलर की ब्रालेट पहन कर पोज देती नजर आ रही हैं। आप देख सकते हैं कि आराधना के शर्ट के सारे बटन खुले हैं जिसमें उकना ब्रालेट साफ नजर आ रहा है। वहीं वह ऑटो में बैठकर बोल्ड पोज देती दिख रही हैं। इस वीडियो में वह बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। आराधना शर्मा के इस वीडियो ने मानों इंटरनेट पर आग लगा दी है। हमेशा की तरह ही इस वीडियो पर भी फैंस के लगातार कमेंट्स आ रहे हैं। इस प कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'ऐसी ऑटो वाली हो तो मैं दिनभर ऑटो में ही घूमूंगा।' वहीं एक दूसरे फैन ने लिखा, 'लिफ्ट मिलेगी क्या इसके अलावा उनके कई चाहने इस वीडियो पर फायर और हार्ट इमोजी शेयर कर उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं।

# इस बुरी आदत का शिकार थीं माधुरी दीक्षित, इसके चलते मां से खूब पड़ती डांट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की सुपरस्टार माधुरी दीक्षित ने 'द फेम गेम' के साथ ने ओटीटी पर अपनी नई पारी की शुरुआत की है। 'द फेम गेम' लोगों को फैंस का अच्छा रिएक्शन मिल रहा है। इस सिरीज में माधुरी दीक्षिता ने ऐसे बॉलीवुड स्टार का रोल प्ले किया है, जो इंडस्ट्री के उस हिस्से से रूबरू होती है, जिसे बाहर की दुनिया नहीं देख पाती। हाल ही में एक बातचीत में, माधुरी दीक्षित ने खुलासा किया कि स्टार बनने के बाद भी उनके परिवार ने कभी भी उनके साथ अलग व्यवहार नहीं किया। माधुरी ने कहा कि उनकी परवरिश ऐसी हुई कि इसने कभी शोहरत उनके सर पर चढ़ने नहीं दी। अपनी पहली वेब सीरीज 'द फेम गेम' में, माधुरी दीक्षित ने एक बॉलीवुड स्टार की भूमिका निभाई है, जो प्रसिद्धि के अंधेरे पक्ष का सामना करती है और देखती है कि उसकी पॉपुलैरिटी जीवन को निगेटिव तरीके से कैसे प्रभावित करती है। हाल ही में एक बातचीत में, माधुरी ने कहा कि वह खुशकिस्मत हैं कि उन्हें वास्तविक जीवन में कभी इसका सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह काफी हद तक इसलिए था क्योंकि उन्होंने अपने निजी और पेशेवर जीवन को अलग रखा था। माधुरी ने आगे कहा कि उनकी परवरिश ऐसी थी कि इसने कभी फेम उनके सर पर नहीं चढ़ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे एक सुपरस्टार बनने के बाद भी उसकी मां स्नेहलता दीक्षित का व्यवहार उसके प्रति कभी नहीं बदला। ईटाइम्स से बात करते हुए, जब पूछा गया कि क्या स्टारडम ने उनके निजी जीवन को प्रभावित किया, तो माधुरी ने कहा, 'मेरा मतलब है, जब मैं फिल्मों में काम कर रही थी, तब भी मेरी मां मुझे डांटती थीं। अगर मेरा रूम बिखरा हुआ होता, फैला रहता तो मां से डांट पड़ती थी। मेरी परवरिश ऐसे ही हुई है। और मैं ऐसी ही हूं। जब मैं घर जाती हूं, तो बाकी सब स्टूडियो में छूट जाता है। मैं अपने बच्चों को देखती हूं और मैं अपने पति को देखती हूं और यह पूरी तरह से एक अलग जीवन है।

# सलमान खान को 'द-बैंग' टूर में मिली जबरा फैन, भरी महफिल में एक्टर से मिलने के लिए रोते और चिल्लाते हुए आई नजर

**नई दिल्ली।** एक्टर सलमान खान बालीवुड के उन सेलिब्रिटीज में शामिल हैं जिन्हें एक बड़ी तदात दिवानों की तरह फॉलो करती है। फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। वह दुनिया में जहां भी जाते है उन्हें जबरा फैंस जरूर मिल जाते हैं। जिसका ताजा उदाहरण हाल ही में दुबई एक्सपो 2020 में देखने को मिला। जहां एक्टर की एक फीमेल फैन उनसे मिलने के लिए रोते और चिल्लाते हुए दिखाई दी बीते शुक्रवार को सलमान खान ने दुबई एक्सपो में आयुष शर्मा, सोनाक्षी सिन्हा, गुरु रंधावा, पूजा हेगड़े, दिशा पटानी, मनीष पॉल और सई मांजरेकर के साथ परफॉर्म किया। जो सलमान के द-बैंग द टूर-रीलोडेड शामिल हैं। दुबई एक्सपो में सलमान के शो के लिए कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में दर्शक इकट्ठा हुए। इस दौरान सलमान की एक फैन भावुक हो गई और रोने लगी। जिसके बाद वह चीखने-चिल्लाने लगी और सलमान से मिलने की जिद करने लगी। जिसका वीडियो सलमान के फैन पेज ने सोशल



मीडिया पर शेयर किया है। इवेंट के इस वायरल वीडियो में एक महिला मंच के पास लगे बैरीकेडिंग के नजदीक खड़े होकर रोते हुए दिख रही है और चिल्लाते हुए कह रही है, 'मैं सिर्फ सलमान खान के लिए आई हूं। मुझे उनसे मिलना है।' एक अन्य महिला इस जबरा फैंन को शांत करने की कोशिश करती है लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रहती है। जिसके बाद सेक्योरिटी गार्ड्स आकर मैटर को संभालते हैं। इस दौरान होस्ट मनीष पॉल भी महिला को आश्वासन देते हैं और गार्ड्स से उसकी मदद करने के लिए कहते हैं। मनीष कहते हैं, ठमैं बिलकुल आपको सलमान सर से मिलवाउंगा, भाई ध्यान दे कहीं बहोश न हो जाए। सलमान के इस दुबई टूर की और भी कई वीडियोज वायरल हुई हैं। जिनमें एक्टर स्टेज पर अपनी जबरदस्त परफॉरमेंस से आग लगाते नजर आए। वहीं कुछ वायरल बीटीएस वीडियो में सलमान अपने भतीजी और भतीजे के साथ खेलते हुए भी नजर आए। वक्र फ्रंट की बात करें तो सलमाल खान फिलहाल कटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 की शूटिंग कर रहे हैं।

# बर्थडे के अगले दिन वायरल हुआ उर्वशी रौटेला का बेदह बोल्ड वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौटेला इंडस्ट्री में न सिर्फ अपनी फिल्मों बल्कि अपने ग्लैरस अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। उर्वशी ने कल यानी 25 फरवरी को अपना 28वां जन्मदिन मनाया है। इस मौके पर उर्वशी के फैंस और दोस्तों ने उन्हें जमकर बधाई दी। उर्वशी के बर्थडे सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थीं। वहीं अब बर्थडे के अगले दिन ही उर्वशी की एक बेहद ही बोल्ड वीडियो इंटरनेट पर चर्चा में बनीं हुई है। इस वीडियो में वह बेदह ही बोल्ड बिकिनी अवतार में फैंस के होश उड़ा रही हैं। यहां देखें वीडियो एक्ट्रेस उर्वशी रौटेला ने अपने बर्थडे के अगले दिन ही अपनी एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि उर्वशी पर्पल और कलर की मल्टी बिकिनी पहने नजर आ रही हैं। इस वीडियो में वह समंदर किनारे टहलती नजर आ रही हैं। वहीं उन्होंने अपने बालों में बन बना रखा है साथ ही एक स्टाइलिश चश्मा लगाया है। इस तस्वीर को हमेशा ही तरह ही उर्वशी के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर उनके चाहने वाले उनकी तरीफ करते दिख रहे हैं। आपको बता दें कि हाल उर्वशी रौतेला अपनी बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की थीं। आप देख सकते हैं कि उर्वशी ने ब्लैक कलर की नेटेड शर्ट पहनी हुई है। ये शर्ट इतनी ट्रांसपेरेंट है कि इसके अंदर उर्वशी का ब्रालेट साफ नजर आ रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।